www.navpradesh.com

दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 5 | मनोरंजन/खेल/व्यापार 7 | आंचलिक

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, मंगलवार 25 जनवरी 2022, कृष्ण पक्ष अष्टमी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-07 अंक-280 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आईएएस प्रतिनियुक्ति और धर्म परिवर्तन पर सीएम भूपेश की तल्खी, केंद्र और बीजेपी को लिया आड़े हाथ

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा और केंद्र सरकार पर धर्मांतरण और आईएएस के डेपुटेशन पर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि आईएएस अधिकारियों को प्रतिनियुक्ति को लेकर उनमें भय का वातावरण बनाना चाह रही। वहीं धर्मांतरण मामले को लेकर भाजपा हिन्दुओं को डराने का काम कर रही है, ये दोनों ही गलत है। सीएम बघेल सोमवार को उत्तराखंड चुनाव में हिस्सा लेने देहरादून रवाना हुए। भूपेश बघेल कांग्रेस की थीम सांग के प्रमोशन कार्यक्रम में शामिल होने गए हैं। इस दौरान उन्होंने रायपुर के स्वामी विवेकानंद हवाई अड्डे में पत्रकारों से

चर्चा करते हुए उत्तराखंड में कांग्रेस की स्थिति मजबूत होने की बात कही है। साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि केंद्र सरकार राज्यों पर नियंत्रण रखना चाहती है। राज्यभवन का दुरूपयोग के बाद अब प्रतिनियुक्ति पर भी अपनी मनमर्जी चलाकर राज्यों का नुकसान कर रही है। इस तरह भय का माहौल संघीय व्यवस्था के लिए उचित नहीं है। सीएम भूपेश ने कहा कि वैसे भी आईएएस डेप्यूटेशन में जाते ही हैं और जो जाना चाहते हैं उन्हें हम रोकते भी नहीं है। अपने आवश्यकता के मुताबिक कुछ दिन रोका जरूर जाता है लेकिन भेज भी देते है। इस दौरान केंद्र से वार्तालाप चलते रहती है और काम रुकता नहीं है। लेकिन यदि केंद्र इस प्रकार दबाव से करेंगे, कोई अधिकारी राज्य में अच्छा काम कर रहे हैं और उनको अचानक केंद्र में लेजाकर बैठा दिया जाए तो ऐसे में राज्य का ही नुकसान होगा। तो इस प्रकार से भय बनाये रखेंगे तो ये उचित नहीं है।

धर्म के नाम पर सत्ता हासिल करना फितरत

इसके साथ ही सीएम बघेल ने कहा भाजपा को केवल धर्म के नाम पर लोगों को बांटना और सत्ता हासिल करना बस आता है। उन्होंने यूपी का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां अभी भी यही फार्मूला अपना रहे है। डर का माहौल बनाकर वोट हासिल कर रहे है। धर्म और जाति के आधार पर लोगों को बांट कर भाजपा को सत्ता तो मिल गई लेकिन आम जनता को इससे कुछ हासिल नहीं हुआ। सीएम भूपेश की माने तो वसुधैव कुटुंबकम की भावना कही से भी भाजपा कार्यकर्ताओं में लक्षित नहीं होता। जहर बोने से किसी का भला नहीं होता, नुकसान केवल आम जनता का ही होता है। उन्होंने कहा कि हिन्दुओं को केवल भय के अलावा कुछ नहीं मिला। छत्तीसगढ़ की जनता ने इसे नकार दिया। अब जनता इनके चालो को समझ गई है। आज का मुख्य मुद्दा महंगाई, बेरोजगारी और महिलाओ की सुरक्षा है, न की संप्रदायिकता और धर्मांतरण। छत्तीसगढ़ के निकाय चुनाव में जनता ने अपना रुख स्पष्ट कर दिया और आगे भी ये सपना ही देखते रह जायेंगे।

पंजाब में 65 सीटों पर चुनाव लड़ेगी भाजपा, नड्डा ने किया सीटों का बंटवारा

चंडीगढ़ (ए.)। पंजाब में भारतीय जनता पार्टी 65 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को सीटों का बटवारा किया। उन्होंने कहा कि पंजाब में एनडीए गठबंधन जो हुआ है उसमें भाजपा, पंजाब लोक कांग्रेस और संयुक्त अकाली दल-ढिंसा शामिल हैं। नड्डा ने कहा, हम सब मिलकर पंजाब विधानसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा 65 सीटों पर, पंजाब लोक कांग्रेस 37 सीटों पर और 15 सीटों पर संयुक्त अकाली दल-ढिंसा चुनाव लड़ेंगे।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हमारे लिए पंजाब एक बोर्डर स्टेट है और उसके साथ-साथ देश की सुरक्षा से जुड़ा हुआ राज्य है। देश की

सुरक्षा के लिए पंजाब का मजबूत रहना और वहां एक मजबूत सरकार बनना देश और प्रदेश दोनों के लिए आवश्यक है।

ये चुनाव सिर्फ सत्ता परिवर्तन का ही माध्यम नहीं है: नड्डा: उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश बहुत तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। इसको डीरेल करने का कुत्सित प्रयास, देशविरोधी ताकतें करती हैं। इस डीरेल में पंजाब के थ्रू एक्टीविटी हो ये देशविरोधी ताकतों की हमेशा मंशा रहती है। उन्होंने कहा, ये चुनाव सिर्फसत्ता परिवर्तन का ही माध्यम ■ शेष पृष्ठ 6 पर

37 सीटों पर चुनाव लड़ेगी कैप्टन अमरिंदर सिंह की पार्टी

पंजाब के पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह की पार्टी पंजाब लोक कांग्रेस 37 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। सीटों को बटवारा करते समय नड्डा ने कहा, पंजाब बॉर्डर पर स्थित राज्य है, देश की सुरक्षा के लिए पंजाब में स्थिर और मजबूत सरकार बनना आवश्यक है। पाकिस्तान की हरकतें हमारे देश के लिए कैसी रही हैं, ये हमें मालूम है। हमने वहां पर देखा है कि ड्रग्स की और हथियारों की स्मगलिंग का प्रयास वहां होता रहता है।

फतेहाबाद सीट: परिवार के 4 लोग जेल में और बेटी चुनाव में उतरी

आगरा (ए.)। आगरा जिले की फतेहाबाद विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार रूपाली दीक्षित की काफी चर्चा हो रही है। लंदन में पढ़ीं और दुबई की मल्टीनेशनल कंपनी में नौकरी कर चुकीं रूपाली दीक्षित के पिता समेत 4 परिजन हत्या के एक मामले में उम्रकैद काट रहे हैं। 34 साल की रूपाली ने ब्रिटेन से मैनेजमेंट स्टडीज में पोस्ट ग्रैजुएशन की डिग्री ली है। इसके बाद दुबई में नौकरी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कांग्रेस ने जारी की स्टार प्रचारकों की लिस्ट, सीएम भूपेश समेत 30 नाम

नई दिल्ली (ए.)। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा और कई अन्य नेता उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए स्टार प्रचारक बनाए गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग को सोमवार को 30 स्टार प्रचारकों की सूची सौंपी। इस सूची में वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम भी शामिल हैं। गुलाम नबी आजाद कांग्रेस के उन 23 प्रमुख नेताओं में शामिल हैं जिन्होंने अगस्त,2 020 में पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी को पत्र लिखकर कांग्रेस में संगठन चुनाव करवाने की मांग की थी। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव सात चरणों में होगा। पहले चरण का मतदान 10 फरवरी को और सातवें एवं अंतिम चरण का मतदान सात मार्च को होगा। मतगणना 10 मार्च को होगी।

ये हैं कांग्रेस के स्टार प्रचारक

सोनिया गांधी, मनमोहन सिंह, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, अजय कुमार लल्लू, आराधना मिश्र मोना, गुलाम नबी आजाद, अशोक गहलोत, भूपेंद्र सिंह हुड्डा, भूपेश बघेल, सलमान खुर्शीद, राजबब्बर, प्रमोद तिवारी, पीएल पुनिया, आरपीएन सिंह, सचिन पायलट, प्रदीप जैन आदित्य, नसीमुद्दीन सिद्दीकी, आचार्य प्रमोद कृष्णम, दीपेन्द्र सिंह हुड्डा, वर्षा गायकवड, फूलो देवी नेतम, सुप्रिया श्रीनाथ, कन्हैया कुमार, परणनीति सिंदे, धीरज गुज्जर, रोहित चौधरी, तौकीर आलम शामिल हैं।

गिरफ्तार एडीजी जीपी सिंह जमानत याचिका के लिए पहुंचे हाईकोर्ट

अभी तक नहीं मिली सुनवाई की तारीख

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के निलंबित एडीजी जीपी सिंह न्यायिक हिरासत में है। उनके वकील ने सोमवार को जमानत के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर किया है।

भ्रष्टाचार और आय से अधिक संपत्ति के मामले में गिरफ्तार निलंबित एडीजी जीपी सिंह 14 दिन के न्यायिक रिमांड में जेल में हैं। जीपी सिंह ने जिला एवं सत्र न्यायालय रायपुर में जमानत याचिका खारिज होने के बाद हाईकोर्ट में याचिका लगाई है। मामले की सुनवाई पर हाईकोर्ट ने फिलहाल कोई तारीख अभी तय नहीं हुई है।

याचिका में कहा गया है कि ईओडब्ल्यू की जांच पूरी हो गई है। आय से अधिक संपत्ति के मामले में उन्हें अपनी संपत्ति का ब्यौरा देने प्रस्तुत करने के लिए मौका नहीं दिया गया है। संपत्ति का डिटेल देने उन्हें जेल से बाहर आना जरूरी है।

जीपी सिंह पर आय से अधिक संपत्ति, भ्रष्टाचार व राजद्रोह का मामला दर्ज है। कोर्ट ने उन्हें दो बार पुलिस रिमांड पर दिया था। पुलिस रिमांड में एसीबी ने उनसे 200 से अधिक सवाल पूछे, जिसका उन्होंने जवाब भी दिया है।

उल्लेखनीय है कि जीपी सिंह को पहले हाईकोर्ट ने कोई राहत नहीं दी। इसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोर्ट ने राहत देने से इनकार कर दिया। इसके बाद 11 जनवरी को हरियाणा के गुरुग्राम से जीपी सिंह को गिरफ्तार किया गया था। 1 जुलाई 2021 को एसीबी की टीम ने उनके 15 ठिकानों पर छापेमारी कर 10 करोड़ रुपए के अनुपातहीन संपत्ति का खुलासा किया था। इसके बाद एसीबी-ईओडब्ल्यू में विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। जीपी सिंह छह महीने तक फरार थे, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दिनदहाड़े गुटखे से भरे ट्रक को लुटेरों ने लूटा

407 छोड़ दूसरे वाहन में माल लाद कर भागे लुटेरे

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर के तोरवा थाना क्षेत्र में सोमवार को दिन दहाड़े गुटखे से भरी ट्रक को लुटेरों ने लूट लिया था। लूटे हुए समान की कीमत लगभग 8 से 10 लाख के आसपास की बताई जा रही है। बिलासपुर पुलिस ने बहुत ही तेजी से तोरवा में हुए इस लूट कांड में सफलता हासिल कर ली। जिस ट्रक को चोरों ने निशाना बनाया था, उसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। भनेसर गांव से ट्रक बरामद हुआ है। बताया जा रहा है कि इस ट्रक में गुटखा और पान मसाला भरा था। यह कोरबा की ओर जा रहा था। मिली जानकारी

के अनुसार इसमें करीब 8 लाख का माल लदा हुआ था। इस दौरान रास्ते में ट्रक को लूट लिया गया। बिलासपुर के सिरगिट्टी से राजश्री गुटखे फैक्ट्री से माल भरकर एक ट्रक कोरबा के लिए निकला था। इस दौरान धुमा चौक के पास कुछ अज्ञात बदमाश वाहन में सवार होकर आए और ट्रक में रखे 8 से 10 लाख के गुटखे को लूट कर चले गए थे। तोरवा थाने को सूचना मिलते ही सक्रिय हुई पुलिस ने चारों तरफ घेराबन्दी कर लुटेरों की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पंजाब: चुनाव से पहले बिक्रम सिंह मजीठिया को झटका

हाई कोर्ट ने रद्द की अग्रिम जमानत की अर्जी

नई दिल्ली (ए.)। पंजाब में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले अकाली नेता बिक्रम सिंह मजीठिया को पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट से तगड़ा झटका लगा है। हाई कोर्ट ने ड्रग्स मामले में मजीठिया को सोमवार को उनकी अग्रिम जमानत की अर्जी को रद्द कर दी है। कोर्ट ने इससे पहले मजीठिया को राहत देते हुए गिरफ्तारी से बचा लिया था।

तब हाई कोर्ट ने मजीठिया को जांच अधिकारी (आईओ) के सामने पेश होने का निर्देश देते हुए, उन्हें सुनवाई की अगली तारीख तक अंतरिम जमानत दे दी थी। पूर्व मंत्री से अदालत ने यह भी कहा था कि सुनवाई की अगली तारीख तक वो देश ना छोड़ें और व्हाट्सऐप के जरिए जांच एजेंसी को अपना लाइव लोकेशन भी शेयर करते रहें। शिरोमणि अकाली दल के महासचिव बिक्रम सिंह मजीठिया पार्टी प्रमुख सुखबीर सिंह बादल के साले और पूर्व केंद्रीय मंत्री हरसिमरत कौर बादल के भाई हैं।

आरोपों पर मजीठिया (46) ने कहा है कि उनके खिलाफ दर्ज मामला ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कस्टम मिलिंग को पीछे धकेल रहा एफसीआई

दुर्ग (नवप्रदेश)। राज्य शासन की कस्टम मिलिंग के मामले में दुर्ग एफसीआई का भेदभावपूर्ण और गैरजिम्मेदाराना व्यवहार लगातार कस्टम मिलिंग को लक्ष्य से पीछे ढकेल रहा है। दैनिक नवप्रदेश ने पहले भी यह बताया है कि चावल संग्रहण के मामले में एफसीआई सिर्फ अपना लाभ देख रहा है और कुछ राईसमिलों से सांठ गांठ कर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया हुआ है। दुर्ग संभाग के अंतर्गत 230 मिलों को उसने राजनांदगांव डिपो से संलग्र किया है और मात्र 80 मिलों को दुर्ग डिपो से संलग्र किया है जबकि दुर्ग में 4 संग्रहण केन्द्र है और राजनांदगांव में सिर्फ एक संग्रहण केन्द्र है। खबर के साथ लगे चार्ट

FOOD CORPORATION OF INDIA
DURG

से समझा जा सकता है कि दुर्ग में एक ही मिलर्स द्वारा लगातार चावल आपूर्ति किए जाने के बावजूद एफसीआई में जगह खाली पड़ी हुई है और उसका स्टेक पांच पांच दिन में भी पूरा नहीं हो पा रहा है जबकि राजनांदगांव में चांवल आपूर्ति करने वाले का नंबर 15-15 दिनों तक नहीं लग पा रहा है। इस भेदभावपूर्ण नीति को एफसीआई यह कह कर जस्टिफाई करता है कि राजनांदगांव में रैक प्वाइंट उसके डिपो के नजदीक है और उसे वहां से रैक भरवाने में आसानी होती है। यह बात पिछले वर्ष काफी हद तक सही थी। क्योंकि दुर्ग से ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नाजुक... ड्रैगन के साथ सीमा विवाद पर बोले विशेषज्ञ

एलएसी पर स्थिति नाजुक, चीन कर रहा है सलामी स्लाइसिंग रणनीति का प्रसार

नई दिल्ली (ए.)। भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सीमा विवाद को लेकर स्थिति नाजुक बनी हुई है। विशेषज्ञों का कहना है कि पड़ोसी मुल्क ने एलएसी को तनावग्रस्त सीमा बनाए रखने सहित भारत से स्थाई दुश्मनी रखने का बीड़ा उठा रखा है। लद्दाख में गतिरोध का हल निकालने के लिए दोनों देशों के बीच कई दौर की सैन्या वार्ता हो चुकी है लेकिन अभी तक कोई रास्ता नहीं निकल पाया है।

गौरतलब है कि पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में वर्ष 2020 के अप्रैल में सीमा विवाद को लेकर शुरू हुआ गतिरोध अब भी बरकरार है। सैनिकों को पीछे हटाने और अन्य संबंधित मुद्दों पर भारत और चीन के बीच कमांडर स्तरीय वार्ता का दौर भी जारी है। दोनों देशों के सैनिक अब भी एलएसी पर डटे हुए हैं। इसी बीच, चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की ओर से अरुणाचल प्रदेश के एक किशोर को अगवा कर लिए जाने की घटना ने एक नया विवाद खड़ा कर दिया है।

रक्षा विशेषज्ञ सी उदय भास्कर ने कहा, 'पूर्वी लद्दाख में स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है। पीएलए (पीपुल्स लिबरेशन आर्मी) भारत के दावे वाली सीमारेखा के भीतर अवसंरचना सुदृढ़ कर रहा है। इस लिहाज से गलवान घाटी की घटना के बाद भारत कम अनुकूल स्थिति में है।' पारस्परिक स्वीकार्य समाधान ना होने तक भारत की रणनीति क्या होनी चाहिए, यह पूछने पर भास्कर ने कहा कि पीएलए को भविष्य में इस प्रकार के उल्लंघन से रोकने के लिए भारत का अपनी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

'दोनों देशों के बीच अक्टूबर 1962 में युद्ध हुआ था

उन्होंने कहा कि इसके अलावा सीमा विवाद की इस कटुता को समाप्त करने के लिए भारत को एक राजनीतिक वातावरण का भी निर्माण करना चाहिए। उन्होंने कहा, 'दोनों देशों के बीच अक्टूबर 1962 में युद्ध हुआ था और इसकी पुनरावृत्ति अवांछनीय होगी...और दोनों देशों के लिए महंगी पड़ेगी।' दोनों देशों के बीच युद्ध या किसी सैन्य संघर्ष की आशंका के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'स्थिति अभी धुंधली है...गलवान की पुनरावृत्ति को खारिज नहीं किया जा सकता।'

दिल्ली में 26 जनवरी के बाद तेज होगी शीत लहर

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली में जारी ठंड के प्रकोप के बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग ने सोमवार को कहा कि 26 जनवरी के बाद दिल्ली में शीत लहर तेज हो जाएगी। हालांकि, अब दिल्ली, पंजाब और हरियाणा में 2 फरवरी तक बारिश होने की कोई संभावना नहीं है। आईएमडी के वरिष्ठ वैज्ञानिक, आरके जेनामणि ने कहा कि दिल्ली, पंजाब और हरियाणा में अब दो फरवरी तक बारिश की कोई संभावना नहीं है। पश्चिमी विक्षोभ आगे पूर्व की ओर बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि इन इलाकों में तापमान 15-17 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा।

//-- सुविचार --//

अगर समय पर बुरी आदतें ना बदली जाए, तो बुरी आदतें आपका समय बदल देती है, इसलिए वक्त की कद्र कीजिए।

आज बेबाक

अखण्ड भारत के प्रथम प्रधानमंत्री नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 125वीं जयंती ऐतिहासिक बन गई। अब 23 जनवरी को पराक्रम दिवस मनाया जाएगा और इसी दिन से गणतंत्र दिवस समारोह कि शुरूआत होगी। इंडिया गेट पर नेताजी की भव्य प्रतिमा भी लगेगी। आजादी के सात दशकों के बाद भारत के इस सपूत को वह सम्मान मिला है जिसके वे अधिकारी थे। दुख की बात यह है कि नेताजी की विरासत को लेकर भी सियासत की जा रही है। उनकी स्मृति को अक्षूण्ण रखने निर्माणाधीन नए संसद भवन के परिसर में भी नेताजी की भव्य प्रतिमा लगनी चाहिए।

सूर्योदय

उदय : 6.38 प्रात:

अस्त : 5:37 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,922,450,990

भारत : 1,401,603,250

बाजार

सेंसेक्स : 57,491.51

निफ्टी : 17,149.10

गोल्ड : 51,980 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 64,700 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 4.46 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	26.9	17.8
बिलासपुर	25.6	16.8
जगदलपुर	27.0	14.0
अंबिकापुर	21.6	14.0

आज का दिवस

राष्ट्रीय मतदाता दिवस : भारत में राष्ट्रीय मतदाता दिवस प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को मनाया जाता है। विश्व में भारत जैसे सबसे बड़े लोकतंत्र में मतदान को लेकर कम होते रुझान को देखते हुए राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाने लगा था। इसके मनाए जाने के पीछे निर्वाचन आयोग का उद्देश्य था कि देश भर के सभी मतदान केन्द्र वाले क्षेत्रों में प्रत्येक वर्ष उन सभी पात्र मतदाताओं की पहचान की जाएगी, जिनकी उम्र एक जनवरी को 18 वर्ष हो चुकी होगी। इस सिलसिले में 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज किए जाएंगे।

गरमा-गरम

न्यूज गैलरी

दुग्ध सामग्री वितरण के लिए प्रतिनिधि की आवश्कता

सूरजपुर/नवप्रदेश। पिलखा क्षीर उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित सिलफिली जिला सूरजपुर में दूध एवं दुग्ध की सामग्री वितरण हेतु शहरी क्षेत्र सूरजपुर, बिश्रामपुर एवं अम्बिकापुर के लिए कमीशन आधारित एजेण्ट की आवश्यकता है। अतः इच्छुक व्यक्ति 28 जनवरी 2022 को पिलखा क्षीर उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित सिलफिली जिला सूरजपुर में वाक इन इंटरव्यू के लिए समय दोपहर 12:00 बजे तक अपने समस्त आवश्यक मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होंगे। अभ्यर्थी की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12 वीं उत्तीर्ण, आवेदक के पास दो पहिया वाहन बाईक होना चाहिए, वाहन के समस्त कागजात बीमा, रजिस्ट्रेशन, ड्राईविंग लाईसेंस एवं हेलमेट होना अनिवार्य होगा। अधिक जानकारी के लिए 6268797572, 9303317679, 9303322397 नंबर पर सम्पर्क कर सकते है।

गुमशुदा की तलाश

सूरजपुर/नवप्रदेश। सरित बघेल पिता शोभनाथ बघेल उम्र 21 वर्ष पता पचिरा ऊपरपारा थाना एवं जिला सूरजपुर का निवासी है, जो 28

अक्टूबर 2021 को सुबह 04:00 घर से बिना बताये कही चली गयी है। जो आज दिनांक तक घर वापस नहीं आई है। जिसका हुलिया रंग गेहुँआ, उंचाई 05 फीट, चेहरा लम्बा, बाल काला, शरीर इकहरा बदन, जिसकी बोली हिन्दी, सरगुजिहा है। पहनावा काला जींस, नीला टी शर्ट पहनी है। पास-पड़ोस एवं रिश्तेदारी में पता तलाश किया गया लेकिन उसका कांई पता नहीं चला है। सूचक की रिपोर्ट पर सूरजपुर थाना में गुम इंसान कायम कर पतासाजी में लिया गया है। संबंधित की जानकारी मिलने पर आप अपने अधिकार क्षेत्रांतर्गत में पतासाजी करें। जानकारी मिलने पर थाना सूरजपुर, पुलिस नियंत्रण कक्ष सूरजपुर या पुलिस अधीक्षक कार्यालय सूरजपुर को क्रमशः 9479193910, 07775-266501, 07775-266579 इन नम्बरों पर सम्पर्क कर सूचित करें।

गुमशुदा की तलाश

सूरजपुर/नवप्रदेश। तारो बाई पति उमाशंकर राजवाडे उम्र 30 वर्ष पता गिरवरगंज थाना व जिला सूरजपुर का निवासी है, जो 22

दिसम्बर 2021 को दोपहर 2 बजे घर से बाजार करने सूरजपुर आई थी, जो आज दिनांक तक घर वापस नहीं आई है। जिसका रंग गोरा, कद 05 फीट, चेहरा लम्बा, बाल काला, शरीर इकहरा बदन, जिसकी बोली हिन्दी, सरगुजिहा है। पहनावा छींटदार साड़ी एवं ब्लाउज एवं गले में तीन लाकेट की माला पहनी है। ग्राम, पास-पड़ोस एवं रिश्तेदारी में पता तलाश किया गया लेकिन उसका कांई पता नहीं चला है। सूचक की रिपोर्ट पर सूरजपुर थाना में गुम इंसान कायम कर पतासाजी में लिया गया है। संबंधित की जानकारी मिलने पर आप अपने अधिकार क्षेत्रांतर्गत में पतासाजी करें। जानकारी मिलने पर थाना सूरजपुर, पुलिस नियंत्रण कक्ष सूरजपुर या पुलिस अधीक्षक कार्यालय सूरजपुर को क्रमशः 9479193910, 07775-266501, 07775-266579 इन नम्बरों पर सम्पर्क कर सूचित करें।

गुमशुदा की तलाश

सूरजपुर/नवप्रदेश। गौरव बंसल पिता महेन्द्र बंसल उम्र 19 वर्ष पता सेंट्रल बैंक गली सूरजपुर थाना व जिला सूरजपुर का निवासी है, जो 13 जून 2021 को दोपहर 03:00 बजे घर से बिना बताये कहीं

चला गया है। जो आज दिनांक तक घर वापस नहीं आया है। जिसका रंग सांवला, कद 05 फीट 06 इंच, चेहरा गोल, बाल काला छोटा, शरीर इकहरा बदन, जिसकी बोली हिन्दी व मारवाड़ी है। जिसने क्रीम कलर का पैंट व गुलाबी रंग का शर्ट पहना है। पास-पड़ोस एवं रिश्तेदारी में पता तलाश किया गया लेकिन उसका कांई पता नहीं चला है। सूचक की रिपोर्ट पर सूरजपुर थाना में गुम इंसान कायम कर पतासाजी में लिया गया है। संबंधित की जानकारी मिलने पर आप अपने अधिकार क्षेत्रांतर्गत में पतासाजी करें। जानकारी मिलने पर थाना सूरजपुर, पुलिस नियंत्रण कक्ष सूरजपुर या पुलिस अधीक्षक कार्यालय सूरजपुर को क्रमशः 9479193910, 07775-266501, 07775-266579 इन नम्बरों पर सम्पर्क कर सूचित करें।

संसदीय सचिव विकास उपाध्याय करेंगे ध्वजारोहण

बिलासपुर/नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2022 को पुलिस ग्राउंड बिलासपुर में आयोजित मुख्य समारोह के मुख्य अतिथि विकास उपाध्याय संसदीय सचिव लोक निर्माण, गृह जेल, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, पर्यटन विभाग ध्वजारोहण करेंगे। मुख्य समारोह में प्रातः 8:59 बजे मुख्य अतिथि का आगमन होगा। प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण, प्रातः 9.02 बजे राष्ट्रगान, प्रातः 9.05 बजे पुलिस, नगर सेना द्वारा राष्ट्रध्वज की सलामी, प्रातः 9:15 बजे मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री जी का संदेश वाचन एवं उद्बोधन और प्रातः 9:35 बजे प्रशस्ति पत्र का वितरण होगा।

जनशताब्दी ट्रेन में पथराव एक यात्री का फूटा सर

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले भाटापारा स्टेशन के पास बड़ी घटना की सूचना मिली है। विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बिलासपुर स्टेशन से छुटकर जनशताब्दी ट्रेन रायपुर की ओर बढ़ रही थी। जैसे ही जनशताब्दी ट्रेन भाटापारा स्टेशन के पास पहुंची है, वैसे ही कुछ असामाजिक तत्वों ने ट्रेन पर पथराव शुरू कर दिया। ट्रेन के डी 2 कंपार्टमेंट में हुए पथराव से भाटापारा तक यात्रा कर रहे समीर पांडेय नामक यात्री के सिर पर गहरी चोट आई है। जिसका इलाज भाटापारा स्टेशन के पास किया जा रहा है। वहीं यात्रियों ने पथराव के बाद ड्राइवर और स्टेशन मास्टर से मामले की शिकायत की है। वहीं अब ट्रेन को घटना के बाद आगे रवाना कर दिया गया है।

ब्राउन शुगर के साथ एक गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। पुलिस ने एक युवक को ब्राउन शुगर के साथ पकड़ा है। पकड़े गए आरोपी के पास से करीब 10 ग्राम ब्राउन शुगर, 50 हजार नकदी समेत अन्य सामान बरामद किया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चकरभाठा में एक व्यक्ति को पकड़ा। पूछताछ में अपना नाम लोकेश पाल उर्फ लल्ला पिता सीताराम पाल उम्र 31 साल निवासी वार्ड क्रमांक 11 विकास नगर थाना चकरभाठा जिला बिलासपुर बताया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से पेन्ट की जेब से तीन नग सफेद कागज के पैकेट में भूरा पाउडर जैसा पदार्थ (नशीला ब्राउन शुगर) करीबन 09-10 ग्राम कीमती करीब 50 हजार नगदी रकम 1100 रूपये तथा एक नग सैमसंग कंपनी का स्क्रीनटच मोबाईल मिला जिसे मौके पर विधिवत जप्ती तथा अन्य कार्यवाही की गयी।

पुलिस परेड ग्राउंड में किया गया गणतंत्र दिवस समारोह का अंतिम रिहर्सल

बिलासपुर/नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी के गरिमामय आयोजन के लिए आज स्थानीय पुलिस ग्राउंड में जिला स्तरीय समारोह के कार्यक्रमों का अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। इस आयोजन में पुलिस अधीक्षक पारूल माथुर, एडीएम जयश्री जैन, एसडीएम पुलक भट्टाचार्य एवं अन्य संबंधित विभागो के अधिकारी उपस्थित थे। पूर्वाभ्यास में एसडीएम पुलक भट्टाचार्य ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई। समारोह में ध्वजा रोहण, परेड की सलामी, मुख्यमंत्री का संदेश वाचन, रंग बिरंगे गुब्बारो और कबूतरो को आकाश में छोड़ने, परेड, शहीदो के परिजनो का सम्मान, उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों का सम्मान आदि कार्यक्रमों का अंतिम रिहर्सल किया गया। अतिरिक्त कलेक्टर जयश्री जैन ने समारोह स्थल पर की गयी तैयारियों का जायजा लेकर कार्यक्रम के गरिमापूर्ण आयोजन के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि कोरोना संक्रमण को देखते हुए समारोह में विभागीय झांकियों का प्रदर्शन, स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम, पीटी का आयोजन नहीं किया जायेगा साथ ही कोविड के गाईडलाइन का पालन करते हुए समारोह का आयोजन होगा।

एटीएम गबन मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार, ननि में था सफाई सुपरवाइजर

जगदलपुर/नवप्रदेश। शहर के बैंक से राशि आहरण करने के पश्चात भी एटीएम में राशि जमा ना कर धोखाधड़ी व गबन के मामले में पूर्व में चार आरोपी योगेश यादव, मंजूर रजा, कैलाश यादव, ललित नारायण साहू को गिरफ्तार किया गया था। मामले का एक मुख्य आरोपी फिरोज खान उर्फ राजा खान निवासी इंतवारी बाजार जो घटना के पश्चात फरार था। मामले में उप महानिरिक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह मीणा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली एमन साहू के नेतृत्व में फरार आरोपी की पतासाजी की जा रही थी। कोतवाली पुलिस द्वारा प्रकरण का

प्रमुख आरोपी को विशेष टीम भेजकर बिलासपुर से पकड़ा गया। जिससे पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि वह नगर निगम जगदलपुर में सफाई सुपरवाइजर का काम करता है। यह सीएमएस कम्पनी के कस्टोडियन (आरोपिगण) योगेश यादव, कैलाश यादव, ललित नारायण साहू एवं मंजूर रजा के साथ मिलकर बैंक से आहरित राशि के सम्पूर्ण राशि को एटीएम में जमा ना कर कम राशि जमा करते थे। अंतर की राशि बांटकर, व्यक्तिगत उपयोग में खर्च करना बताया है एवं उक्त राशि में से अधिकांश राशि इसके द्वारा ऑनलाईन बेटिंग (सट्टा) में रूपये पैसे हार जाना बताया है। आरोपी फिरोज खान उर्फ राजा के कब्जे से तीन लाख रूपये नगद बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय प्रस्तुत किया गया।

वंदना अस्पताल में विवाद, जैन सभा ने आईजी को सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर जैन सभा ने वंदना अस्पताल को लेकर हुए विवाद में भवन मालिक के पक्ष में आईजी को ज्ञापन सौंपा और अस्पताल संचालकों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। ज्ञात हो कि 20 जनवरी को मंगला चैक स्थित वंदना हॉस्पिटल को खाली कराने को लेकर भवन मालिक संजय जैन और वंदना हॉस्पिटलों के संचालकों के बीच विवाद हुआ था। इस दौरान संजय जैन के साथ मारपीट भी हुई थी। इससे पहले भी वंदना अस्पताल के संचालकों के बीच आपसी खींचतान और शहर के एक प्रतिष्ठित परिवार के साथ जमीन को लेकर विवाद थाने तक पहुंच चुका है। आरोप है कि वंदना अस्पताल के संचालक बार-बार विवाद की स्थिति पैदा करते हैं। इनके द्वारा संजय जैन से किराए में भवन को लेकर भी उस पर कब्जा करने की कोषिश की जा रही है। जब किराए की अवधि समाप्त होने पर संजय जैन ने भवन पर कब्जा करने का प्रयास किया, तो उनके साथ मारपीट और लूट की वारदात को अंजाम दिया गया। बिलासपुर जैन सभा ने ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि संजय जैन बिलासपुर के प्रतिष्ठित व्यक्ति और सामाजिक कार्यकर्ता भी है। उनके साथ इस तरह की हरकत निंदनीय है, इसलिए आईजी को ज्ञापन सौंपकर दोषी चिकित्सकों की उनके गुर्गो के खिलाफ कार्यवाही की मांग सकल जैन समाज ने की है।

एक लाख की सोने की चैन चोरी, ऑटो चालक गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। ऑटो रिक्शा वाले ने अपने सवारी के बैग से एक लाख रुपये की सोने की चैन और मोबाइल फोन पर तब हाथ साफकर दिया जब वह दवाई लेने के लिए कुछ देर के लिए ऑटो रोककर उतरा। आरोपी को पेंड्रा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बिलासपुर के सीपत थाने के ग्राम भाड़ी में रहने वाला देवेंद्र कश्यप 20 जनवरी को अपनी बहन और जीजा से मिलने पेंड्रा पहुंचा। बिलासपुर से बस में बैठकर वह अग्रसेन भवन पुराना बस स्टैंड पेंड्रा में उतरा और वहां से आटो लेकर बहन के घर पथगवां रवाना हुआ। रास्ते में वह साक्षी मेडिकल स्टोर पर ऑटो रुक कर उतरा और दवाई लेने चला गया। इस बीच ऑटो रिक्शा के चालक ने देवेंद्र कश्यप की बैग से दो तोले की सोने का हार और एक ओप्पो कंपनी का मोबाइल फोन चुरा लिया। प्रार्थी ने घर पहुंचने के बाद देखा तो उसका मोबाइल और पत्नी का हार बैग से गायब था। इसकी रिपोर्ट उसने पेंड्रा थाने में दर्ज कराई। उसने ऑटो चालक का हुलिया बताया। पेंड्रा पुलिस ने आटो चालक रितिक साहू (22 साल) आजाद चौक पेंड्रा में रहने वाले को हिरासत में लेकर गहन पूछताछ की। उसने चोरी स्वीकार कर ली और बताया कि जब मेडिकल स्टोर में देवेंद्र कश्यप दवा लेने गया था तो उसने बैग में रखे हुए हार और मोबाइल को चुरा कर अपने पास रख लिया था। दोनों ही सामान पुलिस ने जब्त कर लिए हैं और आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया गया है।

ऑनलाइन की तुलना में मोहल्ला क्लास में छात्रों की उपस्थिति संतोषप्रद

मुंगेली/नवप्रदेश। कोरोना संक्रमण के कारण स्कूल बंद कर ऑनलाइन क्लास शुरू हुई है, लेकिन इसका रिस्पांस अच्छा नहीं मिल रहा है। ऑनलाइन क्लास की तुलना में मोहल्ला क्लास में विद्यार्थियों की उपस्थिति संतोषप्रद नजर आ रही है। मुंगेली एवं लोरमी ब्लॉक में कोरोना संक्रमण पॉजीटिविटी दर 4 प्रतिशत से अधिक होने के कारण स्कूल बंद कर ऑनलाइन क्लास शुरू हुई है। लेकिन इसका रिस्पांस अच्छा नहीं मिल रहा है। बच्चों की उपस्थिति 50 फीसदी कम हो गई है। प्राइमरी और मिडिल में तो 25 से 30 प्रतिशत ही बच्चे जुड़ रहे हैं। यहां पहले से ही क्लास में उपस्थिति पूरी नहीं रह रही है। हाई और हायर सेकंडरी में ऑफ लाइन में लगभग सभी बच्चे आ रहे थे, लेकिन ऑनलाइन में 45 से 50 प्रतिशत ही विद्यार्थी क्लास अटैंड करते हैं। अभी ज्यादातर हाई और हायर सेकंडरी स्कूलों में कोर्स भी पूरा नहीं हो पाया है। ऐसे में अब पूरा दारोमदार ऑनलाइन क्लास पर ही निर्भर है, लेकिन इसमें तकनीकी खामी के साथ कई विद्यार्थियों के पास मोबाइल की अनुपलब्धता व अन्य कारण इसमें दिक्कत खड़ी

कर रही है। इस साल हाई व हायर सेकंडरी स्कूलों में लगभग 38 हजार से अधिक विद्यार्थी हैं। इसमें लगभग 22 हजार के करीब विद्यार्थी दसवीं और बारहवीं बोर्ड के हैं। इन सब को देखते हुए शिक्षा विभाग बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए ऑनलाइन क्लास चलाने की तैयारी की है, ताकि इनकी पढ़ाई प्रभावित न हो। बोर्ड परीक्षाएं मार्च के पहले सप्ताह में शुरू होने वाली है। अभी पहले 10 से 31 जनवरी के बीच प्रेक्टिकल परीक्षाएं होनी थी, लेकिन अब इसे स्थगित कर दिया गया है। शिक्षा विभाग के अनुसार परिस्थितियों के अनुसार इसके लिए बाद में डेट तय की जाएगी। जिले में कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल के कमजोर कनेक्टिविटी भी एक बड़ी समस्या है। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले ज्यादातर बच्चे ग्रामीण परिवेश के हैं। गांवों में कनेक्टिविटी नहीं मिलने से वे पढ़ाई नहीं कर पाते हैं। घर में एक मोबाइल रहता है। कई बार मोबाइल परिवार के दूसरे सदस्य अपने पास रखे होते हैं और छात्र क्लास अटैंड नहीं कर पाते हैं। ऑनलाइन क्लास की तुलना में कई स्थानों पर मोहल्ला क्लास में विद्यार्थियों की उपस्थिति संतोषप्रद रहती है।

बस व हाइवा में भिड़ंत, 10 यात्री घायल

दुर्ग/नवप्रदेश। बस व हाईवा (ट्रक) में जबर्दस्त भिड़ंत हो गई, जिसमें 10 लोग घायल हुए हैं। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। घायलों को उतई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद दुर्ग जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। बस व हाईवा में आमने-सामने टक्कर हुई है। बस के सामने केबिन में बैठे लोगों को ज्यादा चोटें आई है। सड़क निर्माण कार्य चल रहा है, बावजूद वाहनों को तेज रफ्तार से चलाने की वजह से यह हादसा हुआ है। पुलिस ने मामले को विवेचना में लिया है। उतई टीआई नवी मोनिका पांडेय ने बताया कि हाईवा और यात्री बस में रविवार शाम करीब सवा 5 बजे गोडपेंड्री बिजली सब स्टेशन के पास टक्कर हो गई। बस क्रमांक सीजी 04 डीएम 7863 उतई से पाटन की ओर जा रही थी। बस में करीब 30 लोग सवार थे। जैसे ही गोडपेंड्री बिजली सब स्टेशन पुलिया के पास पहुंची सामने से आ रहे तेज रफ्तार खाली हाईवा केए 01 एफ 7122 के ड्राइवर ने बस को टक्कर मार दी। दुर्घटना के समय दोनों वाहनों की रफ्तार इतनी तेज थी कि दोनों गाड़ियों के सामने से परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई थी। हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची। राहगीरों व आसपास के ग्रामीणों ने बस में फंसे चालक और यात्रियों को बाहर निकाला और एम्बुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाए। गंभीर स्थिति को देखते हुए सभी को दुर्ग जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। हादसे में नईम खान, कोमल, नेहा वर्मा, स्वेता वर्मा, सुनील साहू, इमरान पेंड्री, राजकुमार, जुबी राम सहित कुल 10 लोग घायल हुए हैं।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़कों की गुणवत्ता में छग प्रथम स्थान पर

प्रधानमंत्री आवास योजना और पीएमजीएसवाय की प्रगति की हुई समीक्षा

रायपुर/नवप्रदेश। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टी.एस. सिंहदेव सोमवार को वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों के साथ केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस से आयोजित बैठक में शामिल हुए। केन्द्रीय पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह की अध्यक्षता में आयोजित ऑनलाइन बैठक में विभिन्न राज्यों में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते और साध्वी निरंजन ज्योति भी बैठक में शामिल हुईं। राज्य शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव रेणु जी. पिल्ले, सचिव प्रसन्ना आर., प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के संचालक मोहम्मद कैसर अब्दुलहक और छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आलोक कटियार भी बैठक में मौजूद थे।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री सिंहदेव ने बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की प्रगति के बारे में बताया कि प्रदेश में योजना के पहले, दूसरे और तीसरे फेज के अंतर्गत कुल 42 हजार किलोमीटर से अधिक की 8547 सड़कें स्वीकृत हैं। नक्सल प्रभावित इलाकों में कुल 176 किलोमीटर लंबाई के 38 सड़कों के निर्माण के लिए निविदा स्वीकृत हो गई है। शेष 277 किलोमीटर के 54 सड़कों के लिए पुनर्निविदा की कार्यवाही निरंतर प्रक्रियाधीन है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए समय-सीमा में सड़कों और पुलों का निर्माण पूर्ण करने के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है। सड़कों की गुणवत्ता में छत्तीसगढ़ प्रथम स्थान पर है। राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षकों द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 में पूर्ण एवं प्रगतिरत सड़कों के 393 निरीक्षण किए गए हैं जिनमें कोई भी असंतोषप्रद श्रेणी में नहीं है।

श्री सिंहदेव ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तीसरे फेज में राज्य को 5612 किलोमीटर लंबाई की सड़क आबंटित थी। इन सभी सड़कों की स्वीकृति दो चरणों में प्राप्त कर राज्य प्रथम रहा है। इसके तहत स्वीकृत सभी सड़कों का निर्माण मार्च-2022 तक पूर्ण हो जाएगा। उन्होंने योजना के अंतर्गत कार्यों में तेजी को देखते हुए केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय से 2000 किलोमीटर लंबाई के अतिरिक्त सड़क मंजूर करने का आग्रह किया। उन्होंने जिस तरह निर्माण कार्यों में केन्द्रांश एवं राज्यांश 60:40 के अनुपात में आबंटन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाती है, उसी तरह सड़कों के नवीनीकरण और संधारण के कार्यों में भी 60:40 के अनुपात में आबंटन लागू करने का आग्रह किया। श्री सिंहदेव ने बताया कि मार्च-2022 तक 20 और अगले वित्तीय वर्ष 2022-23 में 24 वृहद पुलों का निर्माण पूर्ण कर लिया जाएगा।

केन्द्रीय पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह को बताया कि प्रदेश में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ई-पोर्टल पर चार नए मॉड्यूल शुरू किए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राज्य के लिए स्वीकृत दस लाख 97 हजार आवासों में से आठ लाख 23 हजार आवासों का निर्माण पूर्ण हो गया है।

डीआरजी जवानों को मुठभेड़ में मिली सफलता, एक इनामी माओवादी ढेर

नारायणपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में नारायणपुर जिले के घने जंगल में रविवार-सोमवार की दरमियानी रात में मुठभेड़ हुई, जिसमे डीआरजी की टीम एक नक्सली को ढेर कर दिया है। सुबह हुए सर्चिंग में जवानों ने नक्सली के शव को बरामद किया।

जानकारी के मुताबिक भरंडा थाना क्षेत्र में ही मौजूद बीएसएफ कैंप को नक्सली निशाना बनाने के फिराक में थे। पुलिस को इसकी सूचना पहले ही मिल गई थी। जिसके बाद डीआरजी की टीम को क्षेत्र में सर्चिंग के लिए रवाना किया गया था। इसी दौरान रविवार-सोमवार की दरमियानी रात करीब 2 बजे नक्सलियों की ओर से सबसे पहले फायरिंग की गई। जिसका डीआरजी के जवानों ने भी मुंहतोड़ जवाब दिया और लगभग 2 घंटे तक चले पुलिस नक्सली मुठभेड़ में पुलिस ने एक सेक्शन कमांडर रैंक के नक्सली को मार गिराया। मुठभेड़ रुकने के बाद सुबह जवानों ने जंगल की सर्चिंग की जिसमे

एक माओवादी का शव बरामद हुआ। हालांकि मारे गए नक्सली की शिनाख्त नहीं हो पाई है। लेकिन उसके पास मिले भरमार बंदूक से पुलिस अंदेशा जता रही है कि नक्सली लाखों रुपए इनामी होने के साथ ही सेक्शन कमांडर के पद का है। साथ ही पुलिस ने घटनास्थल से भरमार बंदूक के अलावा 3 किलो का प्रेशर कुकर बम, आईईडी, पिट्ठू, नक्सलियों के हथियार और उनका दैनिक सामान भी बरामद किया है।

गौरतलब है कि नारायणपुर जिला के उत्तर क्षेत्र नक्सलियों का किसकोडो एरिया कमेटी का बोल बाला चलता है 7 क्षेत्र में रावघाट लौह खदान की अपार संपदा है, जिसका विरोध लंबे समय से नक्सलियों द्वारा किया जा रहा है। इस क्षेत्र में आए दिन नक्सलियों का उत्पात देखने को मिलता है। डीआरजी को क्षेत्र में लंबे समय के बाद एक कामयाबी मिली है।

फायनल रिहर्सल में जवानों ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउण्ड में सुबह 9 बजे से आयोजित होगा। राज्यपाल अनुसुइया उइके मुख्य समारोह स्थल में ध्वजारोहण कर संयुक्त परेड की सलामी लेंगी।

आज यहां पुलिस परेड ग्राउण्ड में आयोजित फायनल रिहर्सल में गार्ड ऑफ़ ऑनर द्वारा सलामी दी गई। इस मौके पर पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल, अपर कलेक्टर एन.आर.साहू सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

परेड कमाण्डर, स्मृतिक राजनाला, भा.पु.से.परिवीक्षाधीन, जिला जगदलपुर और विकास कुमार भा.पु.से.परिवीक्षाधीन जिला बिलासपुर(रिजर्व) के नेतृत्व में सीमा सुरक्षा बल, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, भारत-तिब्बत सीमा बल, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, सशस्त्र सीमा बल, मध्यप्रदेश सशस्त्र बल(पुरुष), छ.ग. सशस्त्र बल (पुरुष), छत्तीसगढ़ पुलिस (पुरुष), छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल(महिला), नगर सेना(महिला) एवं बैण्ड के प्लाटून इस अवसर पर परेड में शामिल हुए।

राज्यपाल के हाथों होंगे सम्मानित

गणतंत्र दिवस के मौके पर मुख्य समारोह में छत्तीसगढ़ राज्य के नक्सल प्रभावित जिलों में नक्सलियों के विरूद्ध अदम्य साहस एवं वीरता का परिचय देने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रपति का 'पुलिस वीरता पदक' से अलंकृत किया जाएगा।

राजधानी में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी पूर्ण

नक्सलियों के खिलाफ अदम्य साहसी पुलिस कर्मियों के लिए

जिन अधिकारी-कर्मचारी को अलंकृत किया जाएगा उनमें कमलोचन कश्यप, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सुरेश लकड़ा, उप पुलिस अधीक्षक, संजय पोटाम, निरीक्षक, लक्ष्मण केंवट, निरीक्षक, ओंकार सिंह दीवान, निरीक्षक, बीजाराम तामो, प्रधान आरक्षक, उमाशंकर राठौर, निरीक्षक, चेतन लाल बेलेन्द्र, प्रधान आरक्षक, मानिक लाल कोरेटी, प्रधान आरक्षक, मोहन लाल निषाद, निरीक्षक, बृजलाल भारद्वाज, निरीक्षक, कमलेश कुमार रात्रे, सहायक प्लाटून कमाण्डर, सोमारू

राम यादव आरक्षक, आशीष सिंह राजपूत, निरीक्षक, इन्द्र कुमार शिवानी, कंपनी कमाण्डर, विन्टन कुमार साहू, निरीक्षक, अश्वनी राठौर, निरीक्षक, जीतेन्द्र कुमार डहरिया, उप निरीक्षक, दिनेश पुरेना, उप निरीक्षक, विरासत कुजूर, उप निरीक्षक, शहीद मुरली ताती, सहायक उप निरीक्षक की पत्नी मैनू ताती को पदक से अलंकृत किया जा रहा है।

उत्कृष्ट सेवा के लिए

इसी तरह उत्कृष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति का 'विशिष्ट सेवा पदक' से उदयभान सिंह चैहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को अलंकृत किया जाएगा। इसी तरह 'सराहनीय सेवा पदक' से यदुराम तिर्की, उप पुलिस अधीक्षक, मनीष परमानंद, उप पुलिस अधीक्षक, श्रीराम वर्मा, सहायक सेनानी, डिलेश्वर प्रसाद साहू, उप निरीक्षक, अवधेश कुमार चैहान, उप निरीक्षक, प्रेमसाय भगत, सहायक उप निरीक्षक, दृगपाल प्रसाद तिवारी, प्रधान आरक्षक, प्रहलाद सिंह गागड़ा, प्रधान आरक्षक, मदन मोहन पटेल, प्रधान आरक्षक, अवकाश राम नरेटी, प्रधान आरक्षक को सम्मानित किया जाएगा।

में उल्लेखनीय कार्य करने वाले सुरेश प्रसाद गौतम, मुख्य अनुदेशक, मोती लाल साहू, सब इंस्पेक्टर (एम), भोगेन्द्र गोग, कंपनी हवलदार मेजर, जोधन लाल साहू, हवलदार, रेणु लोखण्डे, हवलदार, सुरेन्द्र कुमार देवांगन, सैनिक को 'गृह रक्षक नागरिक सुरक्षा पदक' से अलंकृत किया जा रहा है।

आपदा राहत एवं बचाव कार्य के लिए

आपदा राहत एवं बचाव कार्य में उल्लेखनीय कार्य करने वाले सुरेश प्रसाद गौतम, मुख्य अनुदेशक, मोती लाल साहू, सब इंस्पेक्टर (एम), भोगेन्द्र गोग, कंपनी हवलदार मेजर, जोधन लाल साहू, हवलदार, रेणु लोखण्डे, हवलदार, सुरेन्द्र कुमार देवांगन, सैनिक को 'गृह रक्षक नागरिक सुरक्षा पदक' से अलंकृत किया जा रहा है।

प्रशिक्षण कार्य के लिए

प्रशिक्षण कार्य में उल्लेखनीय कार्य करने वाले क्षीरोद्र कुमार साहू, उप निरीक्षक गंगा धुर्वे, निरीक्षक, कन्हैया लाल यादव, प्रधान आरक्षक, गंगा प्रसाद यादव, प्रधान आरक्षक, कन्हैया लाल यादव, प्रधान आरक्षक, जीत कुमार देवांगन सूबेदार-(अ), कमलेश कुमार सोनबोईर, उप निरीक्षक (अ) को 'यूनियन होम मिनिस्टर मेडल' से अलंकृत किया जा रहा है। अनुकरणीय सेवाओं के लिए लेखराम धुरंधर, प्रहरी, संतराम पुरेना, प्रहरी को 'सराहनीय सुधार सेवा पदक' से अलंकृत किया जा रहा है।

बहादुर बच्चों के लिए

इसी तरह बहादुरी पूर्ण कार्य करने के लिए मास्टर अमन ज्योति जाहिरे, जिला-कोरबा (छ.ग.) और मास्टर सौर्य प्रताप चंद्राकर, जिला-धमतरी (छ.ग.) को 15 हजार रूपए एवं प्रशंसा पत्र और वीरता पदक प्रदान किया जा रहा है।

न्यूज गैलरी

मेकाहारा की उपलब्धियों में जुड़ा एक और कारवां धड़कते दिल से निकाला खतरनाक ट्यूमर

■ **हार्ट चेस्ट एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग ने किया सफल ऑपरेशन**

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के इकलौते बड़े सरकारी अस्पताल में हार्ट चेस्ट एंड वैस्कुलर सर्जरी विभाग एक के बाद एक उपलब्धियों का कारवां जोड़ रहा है। अब मेकाहारा के इस विभाग ने धड़कते दिल से एक खतरनाक ट्यूमर का सफ ल ऑपरेशन किया है। डॉक्टर का कहना है कि देश और दुनिया में 10 करोड़ लोगों में से केवल 1 में पाई जाती है।

अब तक लोगों ने बिटिंग हार्ट कोरोनरी बायपास सर्जरी के बारे में सुना या देखा है, लेकिन बिनिंग हार्ट ओपन हार्ट सर्जरी के बारे में न सुना न देखा है। लेकिन यह कमाल डॉ. भीमराव अम्बेड़कर स्थित एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट (एसीआई) के हार्ट, चेस्ट एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग के डॉक्टरों ने कर दिखाया। हर बार की तरह यह सफल ऑपरेशन भी विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णकांत साहू के नेतृत्व में किया गया। सोमवार को विभागाध्यक्ष डॉ. साहू ने प्रेस कांफ्रेंस कर मीडिया को इस बात की जानकारी दी।

ट्यूमर फेफड़ों में नहीं दिल में था

30 वर्षीय युवक को 4 महीनों से सांस फूलने की शिकायत थी एवं 2 महीनों से खांसने पर थूक के साथ-साथ खून भी आ रहा था। यह युवक विभिन्न अस्पतालों में जा कर अपना ईलाज करवा चुका था परन्तु आराम नहीं मिल रहा था। किसी के सलाह से मरीज अंबेडकर अस्पताल के सर्जन डॉ कृष्णकांत साहू से परामर्श लिया। जांच के बाद यह ता चला कि इसकी बीमारी फेफड़ें में न होकर दिल में है। जांच में यह भी निश्चित हुआ कि मरीज को हृदय के अंदर 4म4 सेमी का बड़ा सा ट्यूमर है। यह ट्यूमर मरीज के हृदय के दाये में स्थित हैं और वह हृदय के पंपिंग एवं याच मेकेनिज्म को प्रभावित कर रहा था।

लकवाग्रस्त होने की थी संभावना

सामन्यत ऐसे गाठ जो कि हृदय के अंदर स्थित होता है, उस मरीज को लकवे की बहुत अधिक संभावना होती है। गरीज को इस ट्यूमर के बारे में बताया गया तो यह बिल्कुल भी विश्वास नहीं कर पा रहा था कि हृदय के अंदर भी कोई ट्यूमर (कैंसर) भी होता है। मरीज को हाई रिस्क ऑपरेशन के लिए डॉक्टर ने पहले मानसिक रूप से तैयार किया। उन्हें समझाया कि अगर ऑपरेशन नहीं होगा तो मृत्यु तक की संभावना बनी रहेगी। इसके बाद डॉ. साहू के नेतृत्व में मरीज का सफल ऑपरेशन कर एक नयी जिंदगी दी। डॉक्टर ने बताया कि युवक का ऑपरेशन बहुत की विशेष तकनीक द्वारा किया गया। इस तकनीक को बिटिंग हार्ट ओपन हार्ट सर्जरी कहा जाता है।

धड़कन को बिना रोके ही निकाला ट्यूमर

सामान्यतः कोई भी ओपन हार्ट सर्जरी जिसमें कि मरीज के हृदय के चैंबर (प्रकोष्ठ) को खोला जाता है तो सबसे पहले उसे हार्ट लंग मशीन का सर्पोट दिया जाता है। एक विशेष द्रव जिसके कार्डियो प्लेजिया कहा जाता है, की सहायता से हृदय की धड़कन को बंद किया जाता है, उसके बाद ही हृदय के चैंबर को काट कर खोला जाता है, परन्तु इस मरीज के दाये अलिंद के ट्यूमर को निकालने के लिए हार्ट, लंग मशीन का सहायता लिया गया। टयूमर की स्थिति हृदय के दाये प्रकोष्ठ में होने के कारण मरीज के धड़कन को बिना रोके ही हार्ड के अंदर से यह ट्यूमर (कैंसर) निकाल लिया गया। इस विशेष तकनीक को चिकित्सकी भाषा में ट्यूमर रिमूवल आनपंप, बिटिंग हार्ट, ओपन हार्ट सर्जरी कहा जाता है।

वयस्कों में वाल्व होना दुर्लभ

दूसरी अहम बात, इस ऑपरेशन की यह रही कि यह ट्यूमर दाये अलिंद के अदर स्थित युस्टेचियन वाल्व जो कि बाये अलिंद और इंफेरिवर वेनकेवा के जोड़ पर स्थित होता है। जब शिशु गर्भ के अंदर होता है तब यह वाल्व जिसको इंफेरिवर वेनाकेवा का वाल्व कहा जाता है। शिशु के आक्सीजेनेटेड रक्त को इंफेरिवर वेनकेवा से सीधे फेरामेन ओवेल से होते हुए हृदय के बाये प्रकोष्ठ में ले जाता है। (चूकि गर्भ में शिशु के अंदर फेफड़ा काम नहीं करता) एवं यह वाल्व बच्चे के पैदा होने को कुछ बाद विलुप्त हो जाता है। परंतु बहुत ही विरले केस में यह वाल्व व्यस्क व्यक्ति में भी रहता है एवं उसके ऊपर ट्यूमर होना तो बहुत ही ज्यादा दुर्लभ बात है। अब मरीज 6 दिनों बाद स्वस्थ्य हो कर अपने पर जाने को तैयार है।

इस आपरेशन में शामिल

हार्ट सर्जन डॉ. कृष्णकात साहू विभागाध्यक्ष), डॉ. निशांत चंदेल (एमसीएच), कार्डियक एनेस्थेटिस्ट डॉ. तान्या छौड़ा (डीएम), परफ्युजस्टि चंदन डिगेश्वर, नर्सिंग स्टॉफ राजेन्द्र कुमार साहू, नरेन्द्र मरकाम, यौवाराम, मुनेश एवं टेक्नीशियन भूपेन्द्र, हरीश शामिल रहे।

पहली बार राजपथ पर प्रदर्शित झांकियों को चुनने ऑनलाईन चयन की सुविधा

राजपथ पर दिखेगी छत्तीसगढ़ की गोधन न्याय योजना की छटा

रायपुर/नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के राजपथ पर निकलने वाली झांकी को लोग पहली बार अपनी मन पसंद से चयन कर सकते हैं। दरअसल, देश इस बार 73वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। इसी कड़ी में 26 जनवरी को नई दिल्ली के राजपथ पर मुख्य समारोह में देश के विभिन्न राज्यों की झांकियों का प्रदर्शन हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी होगा।

लोगों को पहली बार अपनी पसंद की झांकी को चुनने के लिए ऑनलाईन वोट की सुविधा मिली है। इसके लिए सर्वप्रथम http://mygov.in/rdwww लिंक पर अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इस लिंक पर देश के राज्यों के नाम का आप्शन चयन के लिए उपलब्ध है, जिसकी झांकी पसंद आई है। छत्तीसगढ़ की गोधन न्याय योजना की झांकी भी राजपथ पर अपनी छटा बिखरेगी।

गौरतलब है कि इस साल देश के सिर्फ12 राज्यों की झांकियां ही प्रदर्शन के लिए चयनित हुई हैं, जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य भी शामिल है। कृषि प्रधान छत्तीसगढ़ राज्य की इस साल की झांकी गोधन न्याय योजना से संबंधित है। छत्तीसगढ़ की झांकी को रक्षा मंत्रालय की उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति द्वारा निर्धारित कठिन चयन प्रक्रिया के विभिन्न दौर से गुजरने के बाद यह सुअवसर मिला है।

छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क के आयुक्त दीपांशु काबरा ने बताया कि विशेषज्ञ समिति ने आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर इंडिया-75 न्यू आईडिया की थीम घोषित की है। गोधन न्याय योजना को न्यू आइडिया के तौर पर चयनित किया गया है। गोधन न्याय योजना पर बनी

छत्तीसगढ़ की झांकी की विशेषता है कि वह गांवों में उपलब्ध संसाधन और तरीकों को आधुनिक तकनीक के साथ प्रस्तुत करती है। यह बताती है कि शहरी और ग्रामीण की तकनीक को मिला लिया जाए, तो विश्व की कई समस्याओं का समाधान हो सकता है।

ऐसी है इस बार छत्तीसगढ़ की झांकी

झांकी के अगले भाग में गाय के गोबर को इकठ्ठा करके उसे बेचने के लिए गोठानों की ओर ले जाती महिलाओं को दर्शाया जाएगा। ये महिलाएं पारंपरिक आदिवासी वेशभूषा में होंगी। इन्हीं में से एक महिला को गोबर से उत्पाद तैयार कर बेचने के लिए बाजार ले जाते दिखाया जाएगा।

महिलाओं के चारों ओर गोठानों में साग-सब्जियों और फूलों की खेती दिखाई जाएगी। नीचे की ओर गोबर से बने दीयों की सजावट की जाएगी।

झांकी के पिछले हिस्से में गौठानों को रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क के रूप में विकसित होते दिखाया गया है।

झांकी में यह भी दिखेगा

इस झांकी मध्य भाग में गाय को ग्रामीण अर्थव्यवस्था के केंद्र में रखकर पर्यावरण संरक्षण, जैविक खेती, पोषण, रोजगार और आय में बढ़ोतरी की छटा दिखेगी। सबसे आखिर में चित्रकारी करती हुई ग्रामीण महिला को छत्तीसगढ़ के पारंपरिक शिल्प और कलाओं के विकास की प्रतीक के रूप में दर्शाया जाएगा। इसमें प्रदेश में विकसित हो रही जल प्रबंधन प्रणालियों, बढ़ती उत्पादकता और खुशहाल किसान को भित्ति-चित्र शैली में दिखाया जाएगा। इसी क्रम में गोबर से बनी वस्तुओं और गोबर से वर्मी कंपोस्ट तैयार करती स्व-सहायता समूहों की महिलाएं भी झांकी में दिखेंगी। छत्तीसगढ़ की गोधन न्याय योजना की झांकी के लिए लोगों से वोटिंग की अपील की गई है।

बालिकाओं के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिले के सभी बाल विकास परियोजना में आज बालिका दिवस का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि बालिका सशक्तिकरण हेतु प्रत्येक वर्ष 24 जनवरी को राष्ट्रीय स्तर पर बालिका दिवस का आयोजन किया जाता है। इसका मूल उद्देश्य बालिकाओं के कन्या भ्रूण हत्या को रोकना, बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देना तथा बालिकाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदाय करते हुए एनिमिया एवं कुपोषण को कम करना है। जिले के सेक्टर एवं बालिकागृहों में बालिकाओं के विभिन्न प्रकार की प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से साईकिल रेस, मेंहदी प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता,

रंगोली प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता शामिल है। नोनी सुरक्षा योजना के प्रमाण पत्र हितग्राहियों को वितरित किए गए। सुकन्या समृद्धि योजनांतर्गत् बैंक एवं पोस्ट ऑफिस में बालिकाओं के नाम से खाते खुलवाये जाने हेतु जागरूकता कार्य किया गया। उल्लेखनीय है कि राजीव गांधी बालिका सशक्तिकरण योजना (सबला योजना) अंतर्गत् किशोरी बालिकाओं को प्रशिक्षण दिया जाता हैं तथा शाला त्यागी किशोरी बालिकाओं को प्रतिमाह रेडी टू ईट प्रदाय किया जाता है।

अवैध प्लाटिंग करने वाले रसूखदारों पर रायपुर नगर निगम ने भूला कार्रवाई करना

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर शहर और आउटर इलाके में लगातार अवैध प्लाटिंग, अतिक्रमण और अवैध निर्माण की शिकायत पर कार्रवाई करने के लिए निगम प्रशासन ने दो सौ से अधिक ऐसे लोगों की सूची बनाई थी। अवैध प्लाटिंग करने वालों पर शिंकजा कसने की तैयारी थी लेकिन न तो अब तक जांच पूरी की गई न किसी के खिलाफएफआइआर दर्ज हो पाई। इसके लिए राजस्व, नगर निवेश विभाग की टीम भी गठित की गई थी।महापौर एजाज ढेबर और निगम आयुक्त ने अधिकारियों की बैठक लेकर अतिक्रमण, प्लाटिंग और अवैध निर्माण को

सख्ती से रोकने अभियान चलाने के निर्देश दिए थे, बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। निगम अधिकारियों की सुस्त कार्यप्रणाली के कारण अवैध प्लाटिंग करने वाले बेखौफ होकर फिर से अपना काम कर रहे है।

एफआइआर दर्ज कराया था

पिछले साल नगर निगम ने शहर और उससे लगे ग्रामीण इलाके में अवैध प्लाटिंग के दो दर्जन से अधिक मामले में पुलिस थानों में एफआइआर दर्ज कराया था।शुरू में कुछ गिरफ्तारी भी हुई लेकिन बाद में कार्रवाई ठप पड़ गई। महापौर एजाज ढेबर ने पिछले दिनों ही राजस्व और नगर निवेश के अधिकारियों की बैठक लेकर अतिक्रमण, प्लाटिंग और अवैध निर्माण को सख्ती से रोकने अभियान चलाने के निर्देश दिया था। इसके बाद अवैध प्लाटिंग के 200 से अधिक पुराने मामलों, अतिक्रमण की दो दर्जन से अधिक शिकायतों, बिना अनुमति के भवनों के निर्माणों पर फौरी कार्रवाई करने निगम अमला सख्त हुआ पर मानिटरिंग नहीं होने से सूची बनाकर कार्रवाई करना अफसर भूल गए।

रसूखदारों का दबाव

निगम के सूत्रों ने बताया कि अवैध प्लाटिंग के खेल में कई रसूखदार बिल्डर, जनप्रतिनिधि, जमीन दलाल, वेंडर तक शामिल है।लिहाजा एफआइआर दर्ज होने के बाद से ही नामजद आरोपित गिरफ्तारी से बचने के लिए नगर निगम और पुलिस पर लगातार दबाव बनाते आ रहे है। यहीं वजह है कि पुलिस जहां उन पर हाथ डालने से कतरा रही है, वहीं निगम के अधिकारी, जनप्रतिनिधि भी शांत पड़ गए है।

छत्तीसगढ़ की 28 नदियों के किनारे हरियाली लगाएगा वन विभाग

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में बीते मानसून सीजन के दौरान राज्य की 28 नदियों के तट पर करीब 11 लाख पौधे रोपे गए हैं। इनमें फलदार व औषधीय पौधों के साथ इमारती लकड़ी के पौधे शामिल हैं। इसका रकबा करीब 978.785 हेक्टेयर है। वन विभाग के अफसरों के अनुसार इससे न केवल पर्यावरण में सुधार होगा बल्कि नदी तट का कटाव भी रुकेगा। नदी के किनारे पौधा रोपण की योजना का प्रस्ताव करीब पांच वर्ष पहले बनाया गया था, लेकिन इस पर अब अमल हो पाया है।

रेड़ नदी के तट पर लगाए गए सबसे ज्यादा पौधे

प्रधान मुख्य वन संरक्षक व वन बल प्रमुख राकेश चतुर्वेदी ने बताया कि रेड़ नदी के किनारे 150 हेक्टेयर क्षेत्र में एक लाख 65 हजार पौधे लगाए गए हैं। वहीं, सेंदुर नदी तट के 135 हेक्टेयर एक लाख 49 हजार पौधे रोपे गए हैं। इसी तरह बनास और महान नदी तट के 70-70 हेक्टेयर रकबा में 77-77 हजार पौधे लगाए गए हैं। वन विभाग के अफसरों के अनुसार रेड जिसे रिहंद नदी भी कहते हैं। यह नदी मुख्य रूप से सरगुजा क्षेत्र में बहती है। महान, मोरनी, घुनघुट्टा व गोबरी समेत इसकी कई सहायक नदियां हैं।

आबादी क्षेत्रों में रुकेगा वन्य जीवों का आना

प्रदेश में बंदर, भालू और हाथी समेत अन्य वन्य जीव बड़ी संख्या में इंसानी बस्तियों तक पहुंच जाते हैं। विशेषज्ञो की वन्य जीव भोजन की तलाश में इंसानी बस्तियों की तरफ आते हैं। यही वजह है कि प्रदेश सरकार ने जंगल और उसके आसपास के क्षेत्रों में फलदार पौधे लगाने का फैसला किया है।

जंगलों में की गई है 25 लाख सीड बाल की बोआई

इस वर्ष जुलाई में राज्य राज्य के वन और वनेत्तर क्षेत्रों में 25 लाख सीड बाल की बोआई की गई। इसमें 50 हजार किलो फलदार पौधों के बीज और छह हजार 500 किलो सब्जी बीज शामिल थे। इसमें मुख्य रूप से बेर, जामुन, बेल, सीताफल, करौंदा, लौकी, बरबट्टी, भिंडी, बैंगन व मुनगा आदि के बीज थे।

महात्मा गांधी के जीवन पर आधारित पत्रिका द बैरिस्टर के प्रकाशन हेतु, प्रकाशन मंडल का गठन

रायपुर/नवप्रदेश। आज़ादी के 75वें वर्षगांठ पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी हीरक जयंती वर्ष मना रही जिसके तहत आज़ादी की लड़ाई और देश के नवनिर्माण में महापुरुषों के योगदान को याद करते हुए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में प्रदेश कांग्रेस विधि-विभाग के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के वकालत के तजुर्बे और सार्वजनिक जीवन में उनके अनुभवों पर संदर्भित पत्रिका द बैरिस्टर का प्रकाशन किया जाना है। उक्त संदर्भ में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रकाशन

मंडल का गठन किया गया है, जिसमें पीसीसी संचार विभाग के प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला संयोजक बनाए गए हैं। पीसीसी विधि विभाग के पूर्व प्रमुख संदीप दुबे प्रधान संपादक, और संपादक मंडल में देवा देवांगन अध्यक्ष पीसीसी विधि विभाग, पीसीसी प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा, जयवर्द्धन बिस्सा अध्यक्ष आई टी सेल, डॉ कमल नयन पटेल सहसंयोजक बनाये गए है। प्रदेश महामंत्री (संगठन) चंद्रशेखर शुक्ला ने इस पत्रिका के लिए सभी कांग्रेस-जनों से लेख आमंत्रित किया है।

राष्ट्रीय बालिका दिवस | **चित्रों में उकेरी गई बेटियों की उड़ान, सभी परियोजनाओं में बाल दिवस का किया गया आयोजन**

नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिले के सभी बाल विकास परियोजना में सोमवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि बालिका सशक्तिकरण के लिए प्रत्येक वर्ष 24 जनवरी को राष्ट्रीय स्तर पर बालिका दिवस का आयोजन देशभर में किया जाता है। 24 जनवरी 1966 में इंदिरा गांधी ने देश की पहली महिला प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली थी।

आयोजन का मूल उद्देश्य बालिकाओं के कन्या भ्रूण हत्या को रोकना, बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देना तथा बालिकाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदाय करते हुए एनिमिया एवं कुपोषण को कम करना है।

प्रतियोगिता में दिखाया हुनर

जिले के सेक्टर एवं बालिकागृहों में बालिकाओं के विभिन्न प्रकार की प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से साईकिल रेस, मेंहदी प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता शामिल है। नोनी सुरक्षा योजना के प्रमाण पत्र हितग्राहियों को वितरित किए गए।

सुकन्या समृद्धि योजनांतर्गत

बैंक एवं पोस्ट ऑफिस में बालिकाओं के नाम से खाते खुलवाये जाने के लिए जागरूकता कार्य किया गया।

उल्लेखनीय है कि राजीव गांधी बालिका सशक्तिकरण योजना (सबला योजना) अंतर्गत किशोरी बालिकाओं को प्रशिक्षण दिया जाता हैं तथा शाला त्यागी किशोरी व बालिकाओं को प्रतिमाह रेडी डू ईट का वितरण किया जाता है।

पौष्टिक भोजन के लिए राशि स्वीकृत

बालिकाओं के कुपोषण एवं रक्ताल्पता को दूर करने के लिए रायपुर कलेक्टर सौरभ कुमार द्वारा मुख्यमंत्री पोषाहार योजनान्तर्गत जिला खनिज न्यास कोष से पोषण आहार हेतु 90 लाख रुपये स्वीकृत किये गये हैं। जिसे आज लॉन्च किया गया। इस अवसर पर आज बालिका गृह में बालिकाओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया।

इसलिए मनाया जाता है राष्ट्रीय बालिका दिवस

भारत में हर साल 24 जनवरी को मनाया जाता है। इसकी शुरुआत महिला एवं बाल विकास, भारत सरकार ने 2008 में की थी। इस दिन को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, जिसमें सेव द गर्ल चाइल्ड, चाइल्ड सेक्स रेशियो, और बालिकाओ के लिए स्वास्थ्य और सुरक्षित वातावरण बनाने सहित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना शामिल है।

दैनिक नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश

संपादकीय

नेताजी का नाम रहेगा

आजादी के सात दशकों के बाद स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाने वाले इस देश के सच्चे सपूत और अखंड भारत के प्रथम प्रधानमंत्री नेताजी सुभाषचंद्र बोस के योगदान को अक्षूण्ण बनाएं रखने का सार्थक प्रयास होना स्वागतेय है। नेताजी की 125वीं जयंती पर नई दिल्ली के इंडिया गेट पर उनकी होलोग्राम मूर्ति लगाई गई जहां बहुत जल्द ग्रेनाईट से बनी नेताजी की विशाल प्रतिमा लगाई जाएगी। इस साल नेताजी के जन्मदिन को पूरे देश ने पराक्रम दिवस के रूप में मनाया और नेताजी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। नेताजी के जन्म दिन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके योगदान का पूण्य स्मरण करते हुए कहा कि इतिहास के पन्नों से देश के कई सपूतों के योगदान को कम करने या मिटाने की कोशिश की गई थी जिसे अब हम डंके की चोट पर सुधारेंगे। उन्होने पराक्रम दिवस पर आपदा प्रबंधन की दिशा में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को नेताजी की स्मृति में पुरस्कार भी प्रदान किए। वास्तव में नेताजी सुभाष चंद्र बोस इस सम्मान के अधिकारी थे वह उन्हे सत्तर सालों बाद मिल रहा है। नेताजी ने देश की आजादी की लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभाई थी। उनका कहना था कि तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा। उनके इस आव्हान पर उस समय आजादी के दीवाने अंग्रेजों के खिलाफ सड़कों पर उतर आए थे। नेताजी का यह भी कहना था कि मैं आजादी भीख में नहीं लूंगा बल्कि छीन कर लूंगा। नेताजी के इन ओजस्वी नारों से ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का हौसला बढ़ा था। अब जबकि नेताजी को और उनके योगदान को फिर से चिरस्थाई बनाने का प्रयास किया जा रहा है तो निश्चित रूप से नेताजी आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणा के स्त्रोत बनेंगे। उनकी स्मृति को अक्षूण्ण बनाएं रखने के लिए जो भी किया जाएं कम है। देश के निर्माणाधीन नए संसद भवन के परिसर में भी नेताजी की विशाल प्रतिमा स्थापित की जानी चाहिए जो नेताजी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वैसे भी जब तक सूरज चांद रहेगा नेताजी का नाम रहेगा।

विचार

विपासना: जीते जी मोक्ष की साधना

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

दक्षिण वियतनाम के विश्व प्रसिद्ध संत थिक नात हान का कल निधन हो गया। वे 95 वर्ष के थे। उन्होंने दुनिया के कई देशों के लाखों लोगों को 'मानसिक सतर्कता' की ध्यान-पद्धति सिखाई, जैसी कि भारत के महान गुरुवर सत्यनारायण गोयंका ने विपश्यना की शुद्ध बौद्ध ध्यान पद्धति को संसार के कई देशों में फैलाया। ये दोनों गुरुजन शतायु होने के आस-पास पहुंचते हुए भी बराबर सक्रिय रहे। आचार्य हान प्लम नामक वियतनामी गांव में और आचार्य गोयंका मुंबई में! दोनों ही आचार्य बौद्ध थे। हान तो 16 वर्ष की आयु में बौद्ध भिक्षु बन गए लेकिन गोयंकाजी 31 वर्ष की आयु में अचानक बौद्ध बने। वे बचपन से आर्यसमाज और महर्षि दयानंद के भक्त रहे लेकिन उनके सिर में इतना भयंकर दर्द लगातार होता रहा कि वे दुनिया के कई अस्पतालों में इलाज के लिए मारे-मारे फिरते रहे। उन्हें कोई लाभ नहीं हुआ। वे बर्मा के धनाढ्य व्यापारी परिवार के सदस्य थे। एक दिन वे अचानक रंगून के यू बा खिन नामक बौद्ध भिक्षु के शिविर में चले गए। पहले दिन ही विपासना (विपश्यना) करने से उनका सिरदर्द गायब होने लगा। वे अपने व्यापार आदि छोड़कर भारत आ गए और उन्होंने विपासना-साधना सारे भारत और विदेशों में फैला दी। इसी प्रकार भिक्षु हान को महायान झेन पद्धति का संत माना जाता है, वे अमेरिका में पढ़े और उन्होंने वहीं कई विश्वविद्यालयों में पढ़ाया भी। वे कई भाषाओं के जानकर थे और उन्होंने वियतनाम में रहते हुए कई जन-आंदोलन भी चलाए। वियतनाम में अमेरिकी वर्चस्व और ईसाइयत के प्रचार का विरोध करने के कारण 1966 में उन्हें देश निकाला दे दिया गया। 39 साल के बाद स्वदेश लौटने पर अपनी मानसिक सतर्कता की ध्यान पद्धति और अहिंसा के प्रचार के लिए उन्होंने अथक प्रयास किया। आचार्य हान से भेंट करने का सौभाग्य मुझे नहीं मिला लेकिन गोयंकाजी के बड़े भाई बालकिशनजी मेरे घर आए और उन्होंने कहा कि 'सतनारायण गुरुजी' आपसे मिलना चाहते हैं। सत्यनारायणजी अपने साथ मुझे काठमांडो ले गए और दस दिन तक उन्होंने वहां विपासना-साधना करवाई। वह अनुभव अनुपम रहा। मैं ध्यान की दर्जनों अन्य विधियों से पहले से परिचित था लेकिन विपासना ने मेरे स्वभाव में ही जमीन-आसमान का अंतर कर दिया। योग दर्शन में चित्तवृत्ति निरोध को ही योग कहा गया है लेकिन विपासना ऐसी सरल ध्यान पद्धति है, जो चित्त को निर्मल और विकारशून्य बना देती है। इसमें सिर्फ आपको इतना ही करना होता है कि अपनी नाक से आने और जानेवाली सांस को आप देखने भर का अभ्यास करें। इस ध्यान पद्धति के आड़े न कोई मजहब, न जात, न राष्ट्र, न भाषा, न वर्ण– कुछ नहीं आता। आजकल यूरोप, अमेरिका और आग्नेय एशिया के देशों में इसकी लोकप्रियता बढ़ती चली जा रही है। यह जीते जी याने सदेह मोक्ष की अनुभूति का सबसे सरल तरीका है। मानव मन की शांति में वियतनामी भिक्षु हान और भारतीय आचार्य गोयंका की इन पद्धतियों का योगदान दुनिया के किसी बादशाह, राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से कहीं ज्यादा है।

मुस्लिम गुंडागर्दी की फांस में फंसी सेक्युलर राजनीति

विष्णुगुप्त

सेक्युलर राजनीति पर एक बड़ा प्रश्न है। बड़ा प्रश्न यह है कि सेक्युलर राजनीति मुस्लिम गुडागर्दी पर ही दांव क्यों लगाती है? मुस्लिम वर्ग में एक से एक प्रतिभाशाली और शांति प्रिय लोग हैं, पर उन्हें सेक्युलर पार्टियां आगे क्यों नहीं बढ़ाती हैं? मुख्तार अंसारी, अफजल अंसारी, आजम खान, नाहिद हसन जैसों को ही अपना आईकॉन क्यों बनाती हैं? एक समय था जब ऐसों पर सेक्युलर राजनीति दांव खेलकर अपनी सरकार बना लेती थी। पर अब वह समय चला गया। अब मुस्लिम गोलबंदी के खिलाफभी प्रतिक्रिया होती है। दूसरे समुदाय में इस तरह की गोलबंदी के खिलाफचिंता होती है। मुस्लिम वोटों की गोलबंदी को देखते-देखते दूसरे समुदाय के वोट भी प्रतिक्रिया में एक होते जा रहे हैं। इसलिए इस तरह की सेक्युलर राजनीति अब फायदे का नहीं बल्कि घाटे का चुनावी हथकंडा बन गया है। क्या उत्तर प्रदेश देश को चुनावी रणनीति का नया मार्ग दिखा रहा है?

मुस्लिम गुंडावाद शब्द अप्रिय लग सकता है, बूरा लग सकता है, एकतरफा सोच लग सकती है, ऐसा लग सकता है कि इस शब्द के माध्यम से एक विशेष वर्ग को अपमानित करने या फिर एक वर्ग विशेष को बदनाम करने के लिए प्रयोग किया जा रहा है। पर जब कोई शब्द जनमानस की जुबान पर चढ़ कर बोलता है तब उस शब्द का प्रयोग अवश्यमभावी हो जाता है, उस शब्द की कसौटी पर जनमानस की भावनाओं को देखना और पड़ताल करना आवश्यक हो जाता है। खासकर उत्तर प्रदेष विधान सभा चुनाव में मुस्लिम गुंडावाद शब्द लोगों की जुबान पर है और चुनावी राजनीति इसी शब्द पर गर्म हो रही है तथा हार-जीत की कसौटी बनाने के प्रयास हो रहे हैं। कहने का अर्थ है कि मुस्लिम गुंडावाद शब्द ही सत्ता बनायेगा और बिगाडेगा। पक्ष और विपक्ष इस शब्द को अपना हथकंडा बना चुके हैं और इस शब्द के माध्यम से ही जनता का मन जीतने की दौड़ जारी है। उत्तर प्रदेश की जनता इस शब्द की कसौटी पर पक्ष या विपक्ष में किसका भाग्य चमकायेगी, अभी इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता। पर यह सही है कि इस पर गोलबंदी होती दिखायी दे रही है। इधर दो-तीन दशकों से चुनावी राजनीति में जन समस्याओं की जगह संस्कृति से जुड़ी हुई भावनाएं और चिंताएं प्रमुख हुई हैं और हार-जीत को भी संस्कृति से जुड़ी हुई भावनाएं तय करने लगी।

चुंनावी राजनीति की हवा में मुस्लिम गुंडावाद का जहर घोलने के दोषी और कोई नहीं है बल्कि दोषी वही हैं जो अपने आप को मुस्लिम हितैषी घोषित करते हैं और दावे करते हैं कि उन्होंने मुस्लिम राजनीति को हवा देने और मुस्लिम राजनीति के बल पर जीतने की वीरता दिखायी है, इसीलिए मुस्लिम वोट बैंक पर उनका ही अधिकार है। सेक्युलर राजनीति दावे करती है कि मुस्लिम वोट बैंक पर उनका ही एक मात्र अधिकार है। सेक्युलर राजनीति के कोई एक नहीं बल्कि कई दावेदार है। प्रदेशों के अनुसार सेक्युलर राजनीति के दावेदार बदल जाते हैं। जहां तक उत्तर प्रदेश की बात है तो यहां पर सेक्युलर राजनीति के कई दावेदार हैं। जिनमें कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी प्रमुख हैं। समाजवादी पार्टी के गठबंधन में शामिल रालोद भी मुस्लिम वोट के नये दावेदार के रूप में उभरा हुआ है। रालोद ने पश्चिम उत्तर प्रदेश में जाट और मुस्लिम का नया समीकरण बनाया है। रालोद ने पश्चिम उत्तर प्रदेश के कई प्रमुख

जगहों पर मुस्लिम उम्मीदवार उतारे हैं। रालोद के मुस्लिम उम्मीदवारों के संबंध में प्रचारित यह है कि ये बल और घृणा के बल पर राजनीति को अपना मोहरा बना कर रखते हैं और इनकी बहुसंख्यकों के प्रति घृणा भी स्पष्ट है। प्रचारित तथ्य पर उंगली उठायी जा सकती है। पर चुनाव के समय में ऐसे विषयों पर जवाब देना मुश्किल होता है।

सबसे ज्यादा प्रतिक्रिया मुख्तार अंसारी, आजम खान, नाहिद हसन, मसूद इमरान आदि को लेकर हुई है। समाजवादी पार्टी ने मुख्तार अंसारी, आजम खान और नाहिद हसन के कुनबे को उम्मीदवार बनाने की घोषणा की है। मसूद इमरान कांग्रेस छोड़कर समाजवादी पार्टी में गए पर उन्हें टिकट नहीं मिला। टिकट नहीं मिलने के बाद मसूद इमरान के बोल बड़े विभत्स थे और बहुजन समाज के लिए डरावने थे। मसूद इमरान ने कभी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बोटि-बोटि काट कर फेंकने की घोषणा की थी। मुख्यतार अंसारी की कैसी गुंडागर्दी रही है, यह सिर्फ उत्तर प्रदेश के लोग ही नहीं बल्कि पूरा देश जानता है। जहां तक आजम खान की बात है तो इन्होंने पहले से ही उफान की राजनीति की है, विभाजन की राजनीति की है और घृणा की भी राजनीति की है। इन्होंने कभी भारत माता को डाइन कहा था। मुजफ्फरनगर दंगे में आजम खान की भूमिका नकारात्मक और खतरनाक बतायी गयी थी। इन्होंने अपने समुदाय के आरोपियों को थाने से छुड़वाया था। जिसकी प्रतिक्रिया में मुजफ्फरनगर में भयंकर हिंसा हुई थी और दंगे हुए थे। नाहिद हसन कैराना से विधायक हैं, इन्हें रालोद ने अपना प्रत्याशी बनाया है। कैराना में बड़ी संख्या में हिन्दुओं ने पलायन किया था। नाहिद हसन के परिजनों के संरक्षण में मुस्लिम गुंडागर्दी हिन्दुओं पर निशाना साधती थी। ऐसा आरोप आम है। समाजवादी पार्टी के संभल से सांसद शफीकूर रहमान घृणात्मक और तालिबानी बयान देकर बहुजन आबादी को डराने-धमकाने में लगे रहते हैं।

योगी आदित्यनाथ मुस्लिम गुंडागर्दी पर प्रहार और नकेल डालने के लिए जाने जाते हैं। मुख्तार अंसारी से लेकर आजम खान और नाहिद हसन तक लंबी सूची हैं जो लंबे समय तक जेलों में रहें हैं। अन्य मुस्लिम गुंडे भी जेल में सड़ रहे हैं। योगी आदित्यनाथ ने बडी संख्या में मुस्लिम गुंडों का एनकांउटर कराया है। इसलिए योगी आदित्यनाथ इस उपलब्धि को अपना प्रताप मानते हैं, अपनी सरकार की जीत मानते हैं और कहते हैं कि हमने उत्तर प्रदेश की राजनीति को गुंडा मुक्त बनाया है। योगी आदित्यनाथ फिर से जनादेश की मांग इसी को आधार बनाकर कर रहे हैं। सबसे बड़ी बात अमित शाह की कैराना यात्रा की है। अमित शाह ने कैराना की गलियों में घूमघूम कर हिन्दुओं को सुरक्षा का अहसास कराया है और कहा है कि वोट डालने जरूर निकलना, हम सुरक्षा देंगे। अमित शाह की कैराना से प्रचार शुरू करने का सीधा अर्थ यह है कि मुस्लिम गुंडागर्दी के खिलाफ अपनी पार्टी की प्रतिबद्धता को दिखाना है और यह अहसास कराना है कि अगर चूक हुई तो फिर कैराना जैसी स्थिति उत्तर प्रदेश में हर जगह बनेगी।

सेक्युलर राजनीति पर एक बड़ा प्रश्न है। बड़ा प्रश्न यह है कि सेक्युलर राजनीति मुस्लिम गुडागर्दी पर ही दांव क्यों लगाती है? मुस्लिम वर्ग में एक से एक प्रतिभाशाली और शांति प्रिय लोग हैं, पर उन्हें सेक्युलर पार्टियां आगे क्यों नहीं बढ़ाती हैं? मुख्तार अंसारी, अफजल अंसारी, आजम खान, नाहिद हसन जैसों को ही अपना आईकॉन क्यों बनाती हैं? एक समय था जब ऐसों पर सेक्युलर राजनीति दांव खेलकर अपनी सरकार बना लेती थी। पर अब वह समय चला गया। अब मुस्लिम गोलबंदी के खिलाफभी प्रतिक्रिया होती है। दूसरे समुदाय में इस तरह की गोलबंदी के खिलाफ चिंता होती है। मुस्लिम वोटों की गोलबंदी को देखते-देखते दूसरे समुदाय के वोट भी प्रतिक्रिया में एक होते जा रहे हैं। इसलिए इस तरह की सेक्युलर राजनीति अब फायदे का नहीं बल्कि घाटे का चुनावी हथकंडा बन गया है। क्या उत्तर प्रदेश देश को चुनावी रणनीति का नया मार्ग दिखा रहा है?

लग्जरी कारों पर नजर आने लगा चिप की कमी का असर

नरविजय यादव

बीते साल अक्टूबर माह में कारों की थोक बिक्री में 27 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई थी, जो कोविड-पूर्व, अक्टूबर 2019 की बिक्री से 16.7 प्रतिशत कम थी। यानी कोविड काल में जितनी कारों की सेल हुई, उससे भी कम कारें बिक पायी। बीते सितंबर में तो स्थिति और भी खराब थी, जब थोक बिक्री सालाना आधार पर 41.16 प्रतिशत घट गयी और सितंबर 2019 के मुकाबले करीब 26 प्रतिशत कम रही। ऑटोमोबाइल कंपनियों के संगठन ड्ड सोसाइटी ऑफइंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के महानिदेशक राजेश मित्तल के अनुसार, वाहन निर्माताओं को उम्मीद थी कि चालू वित्त वर्ष की शुरुआत में कम बिक्री हुई तो क्या, त्यौहारी सीजन में हिसाब बराबर हो जायेगा। लेकिन ऐसा हुआ नहीं।

सेमीकंडक्टर अथवा चिप की कमी से कारों और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का उत्पादन इस कदर प्रभावित होने लगा है कि दो लग्जरी कारों को अपने ऑटोमैटिक रियरव्यू मिरर ही हटाने पड़ गए। ये हैं- स्कोडा कुशाक और वोक्सवैगन ताइगुन। यह बदलाव सभी वेरिएंट के लिए किया गया है। इसलिए, भले ही लोग टॉप-स्पेक वेरिएंट का विकल्प चुनें, उन्हें बाहरी रियरव्यू मिरर को हाथ से ही मोड़ना होगा। इसके पीछे कारण सेमीकंडक्टर की वैश्विक कमी है। स्कोडा ऑटो इंडिया के बिक्री, सेवा और मार्केटिंग के एक अधिकारी से ट्विटर पर किसी ने पूछा कि ऐसा क्यों किया गया तो उन्होंने जवाब दिया कि उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही आपूर्ति की समस्या का समाधान हो जाएगा। यानी स्कोडा आने वाले समय में इस फीचर को फिर से जोड़ सकती है। वेबसाइट पर पुराने ब्रोशर को अपडेट किया गया है। चिप की कमी के कारण पूरी दुनिया की ऑटोमोबाइल कंपनियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भारत में बड़ी कार कंपनियों के सामने भी यह समस्या कुछ खास है। मजबूरन इन्हें अपना उत्पादन कम करना पड़ रहा है।

चूंकि चिप की कमी की समस्या लंबी चलने वाली है और इसका तात्कालिक समाधान नजर नहीं आ रहा है, इसलिए टाटा मोटर्स ने खुद से चिप बनाने का निर्णय लिया है। कंपनी इसके लिए आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेम्बली एवं टेस्टिंग प्लांट लगाएगी। इस तरह के प्लांट में सिलिकॉन वेफर्स को चिप में बदला जाता है। यह प्लांट तमिलनाडु, कर्नाटक अथवा तेलंगाना में लगाया जा सकता है, हालांकि अभी इस बारे में अंतिम निर्णय राज्य सरकारों की सहमति मिलने के बाद ही लिया जायेगा। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए टाटा समूह 2200 करोड़ रुपये तक निवेश कर सकता है। नयी कारों की मांग बराबर बनी हुई है, परंतु कार कंपनियां कारों की आपूर्ति नहीं कर पा रही हैं। हालत यह है कि इच्छुक खरीदारों को अपनी पसंद की गाड़ी की डिलीवरी के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। इस देरी और अनिश्चित आपूर्ति के लिए सेमीकंडक्टर यानी चिप की कमी सबसे बड़ी वजह बतायी जा रही है। दूसरी वजह कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि होना है। चिप की कमी से कई कार कंपनियों को मांग के बावजूद अपना उत्पादन कम करना पड़ रहा है।

नयी कारों की मांग बराबर बनी हुई है, परंतु कार कंपनियां कारों की आपूर्ति नहीं कर पा रही हैं। हालत यह है कि इच्छुक खरीदारों को अपनी पसंद की गाड़ी की डिलीवरी के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। इस देरी और अनिश्चित आपूर्ति के लिए सेमीकंडक्टर यानी चिप की कमी सबसे बड़ी वजह बतायी जा रही है। दूसरी वजह कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि होना है। चिप की कमी से कई कार कंपनियों को मांग के बावजूद अपना उत्पादन कम करना पड़ रहा है। बीते साल अक्टूबर माह में कारों की थोक बिक्री में 27 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई थी, जो कोविड-पूर्व, अक्टूबर 2019 की बिक्री से 16.7 प्रतिशत कम थी।

बीते साल अक्टूबर माह में कारों की थोक बिक्री में 27 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई थी, जो कोविड-पूर्व, अक्टूबर 2019 की बिक्री से 16.7 प्रतिशत कम थी। यानी कोविड काल में जितनी कारों की सेल हुई, उससे भी कम कारें बिक पायीं। बीते सितंबर में तो स्थिति और भी खराब थी, जब थोक बिक्री सालाना आधार पर 41.16 प्रतिशत घट गयी और सितंबर 2019 के मुकाबले करीब 26 प्रतिशत कम रही। ऑटोमोबाइल कंपनियों के संगठन ड्ड सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के महानिदेशक राजेश मित्तल के अनुसार, वाहन निर्माताओं को उम्मीद थी कि चालू वित्त वर्ष की शुरुआत में कम बिक्री हुई तो क्या, त्यौहारी सीजन में हिसाब बराबर हो जायेगा। लेकिन ऐसा हुआ नहीं। आमतौर पर सिलिकॉन से बने चिप का उपयोग कई प्रकार के उपकरणों जैसे कार, लैपटॉप, स्मार्टफोन, घरेलू उपकरण और गेमिंग कंसोल को बिजली सप्लाई करने के लिए किया जाता है। चिप से कई कार्य होते हैं, जैसे कि पॉवर डिस्प्ले और डेटा ट्रांसफर आदि। इसलिए, आपूर्ति की कमी का प्रभाव पड़ना लाजिमी है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

अदम्य साहस अदम्य

अदम्य साहस अदम्य जोश सुभाष चन्द्र बोस अंग्रेजों के जिसने उड़ा दिए होश सुभाष चन्द्र बोस, हम जाति पाति में बटे रहें आपस मे ही कटे रहें हर युग में हमें छलती रही जयचंदों की फ़ौज जान हथेली पर ले वो अकेला ही चल पड़ा डरा न सका उसे मृत्यु का आग़ोश, छलिए आज भी छल रहें माताओं बहनों को कूचल रहें आओ गढ़े संघठन आओ मिल बनाए आज़ाद हिंद फौज।

– राजीव वर्मा

आज़ादी दूँगा तुम्हें

आज़ादी दूँगा तुम्हें ,मुझको दो तुम खून। नारा दिया सुभाष ने ,सबमें भरा जुनून। सबमें भरा जुनून, और लोगों को जोड़ा। मिला उन्हें सहयोग,सभी का ज्यादा-थोड़ा। देख तपस्या ,त्याग, देश में हुई मुनादी। छोड़ो गोरों देश, हमें दो अब आज़ादी। – डॉ.बिपिन पाण्डेय

खास पाती | नेता खुद को कहे जो,याद

नेता खुद को कहे जो,याद करे वो बोस।नाम याद कर भर रहे, सभी स्वयं में जोश। सभी स्वयं में जोश, करे भारत सब वंदन। चरण धूलि को बना,भाल का अपने चंदन।। नौका बीच भंवर, रोज नई नीति देता। भरे स्वयं की जेब ,आज कलयुग का नेता।। सकल विश्व करता नमन,ऐसी छोड़ी छाप। नेता जी सुभाष चन्द्र, महान विभूति आप।। महान विभूति आप , दिया नारा नव भारत। आजाद हिंद फौज, बनाकर लिखी इबारत। जोश आपका देख,गोरों के चक्के जाम। – दीपा गुप्ता

चल आज तेरी मैं कवायत

चल आज तेरी मैं कवायत को देखूंगी मुझ पर है खुदा की जो इनायत को देखूंगी सुना है तू मुझको तोलता कम है लोग कहते है तू अभी भी बोलता कम है सुन साधु ऐ बर्फतू सुन ले जो मुझको है मिली रब से उस हरारत को देखूंगी बिके हुऐ चाकर में अब शेखी ना दम है सुना है कि अब तू खौलता कम है तू भीड में तनहा मैं भौंरों सी गुंजन हूं शैतानी सी मैं जब बल्लरी सी झूमूंगी तब तेरी मासूम सूरत की शराफत को देखूंगी शराफत को देखूंगी। – रेनू मनोज श्रीवास्तव

छीन रहे क्यों मिल सभी,हमरा

छीन रहे क्यों मिल सभी,हमरा यह अधिकार। जब खुद की ही पेन्सन से,है प्रभुजन को प्यार। नवयुवक थे तब लगे, दिया जवानी वार। बुरा उन्ही का कर रहे, क्यों मेरे सरकार। मेहनत जीवन भर किया,धूप-छाँव,बौछार सेवा से जब लौटते, रोवे क्यों बेकार। हाथ मदद को थामते ,बाजी लगाय जान। शटर गिरा लें जब सभी ,रखते खुली दुकान। रख लो ये मुबाइल तुम,स्कूटी और कार। हमको तो बस चाहिए, अपना यह अधिकार। – रानी इन्दु

नभ लाये भर भर पिचकारी धरा

नभ लाये भर भर पिचकारी धरा हुई नभ पर मतवारी खुशियों भरी बदलियाँ बोली फूल फूल से भर लो झोली ओढ़े चूनर धानी धानी धरा बन गई सुन्दर रानी कुदरत की रंगत चटकीली नभ पहने शेरवानी नीली अवनि करे मिलन की आशा अम्बर गढ़े प्रेम परिभाषा सावन सी आँखे भरी ,मधु बरसायें होठ चाँद सा चेहरा लगे , घूंघट बदली ओट। – ज्योत्सना सक्सेना

आज हम से खफा ही हमारे हुए

आज हम से खफ़ा ही हमारे हुए दर्दो-ग़म ही हमारे सहारे हुए । हाँ ये मुमकिन नहीं तुम मिलो फिर हमें रुत बदलने के कुछ यूँ इशारे हुए लुत्फ़ आता नहीं किस कदर जिंदगी खोती ही जा रही खुद से हारे हुए रास्ते तो यही मंज़िलें लापता कितने भटके हुए ये नज़ारे हुए हम अकेले नहीं रेशमी जाल में आये पहले कई दिल के मारे हुए। – दिनेश भोपाली

मैं कभी इतनी धार्मिक नही होना

मैं कभी इतनी धार्मिक नही होना चाहती कि सबके रक्षक ईश्वर को बचाने के लिए किसी इंसान पर हाथ उठाऊँ और कभी भी इतनी देशभक्त नही हो सकती कि किसी ज़ख्मी घायल को उठाने के लिए हाथ मे पकड़ा तिरंगा नीचे न रखूँ मुझहे पूर्ण विश्वास है कि मेरा भगवान और मेरा राष्ट्र इससे कभी मेरी निष्ठा पर सवाल नही उठाएगा। – रेनू जैन

उनको मलाल है कि मैं खुश कैसे

उनको मलाल है कि मैं खुश कैसे रह रहा हूँ उनके सितम हँस कर यूँ, मैं कैसे सह रहा हूँ वो न समझेंगे कभी, हैं जो दिल से आततायी ज़ख्मों को गुल मसीहा, मैं कब से कह रहा हूँ। – केदार नाथ शब्द मसीहा

QUIZ TIME

1) किस देश ने सीगॉर्डियन नामक समुद्री निगरानी ड्रोन परीक्षण किया? (चीन / जापान)

2) भारत के विदेश मंत्रालय द्वारा किस देश को श्रेणी की पनडुब्बी 'आईएनएस सिन्धवीर' सौपने की घोषणा की थी?

3) किस देश की सरकार ने दुष्कर्म के मामलों में मृत्यु दण्ड की सजा देने का फैसला किया है?

4) अक्टूबर 2020 में किसे वर्ष 2020 का प्रतिष्ठित शस्त्र रामानुजन पुरस्कार प्रदान किए जाने की घोषणा की गई?

5) शन्ति के लिए नोबेल पुरस्कार 2020 किसे प्रदान किया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) जापान (2) मालदीव्स (3) बांग्लादेश (4) डॉ शाई एवा (5) वर्ल्ड फूड प्रोग्राम

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1579-डच गणराज्य की स्थापना हुई। 1755-मास्को विश्वविद्यालय की स्थापना की गई। 1824-प्रसिद्ध बंगाली कवि माइकल मधुसूदन दत्त का जन्म हुआ। 1924-फ्रांस के शैमॉनिक्स में पहले शीतकालीन ओलंपिक खेलों का आयोजन हुआ। 1839-चिली में भूकम्प से 10,000 लोगों की मौत हुई। 1959-ब्रिटेन ने पूर्वी जर्मनी से व्यापारिक समझौता किया। 1969-अमेरिका और उत्तरी वियतनाम के बीच पेरिस में शांति वार्ता की शुरुआत हुई।1971-हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य घोषित किया गया। 1975-शेख मुजीबुर्रहमान बंगलादेश के राष्ट्रपति बने। 1980-मदर टेरेसा को भारतरत्न से सम्मानित किया गया। 1983-आचार्य विनोबा भावे को भारतरत्न से सम्मानित करने की घोषणा हुई। 1994-तुर्की का प्रथम दूरसंचार उपग्रह 'तुर्कसैट प्रथम' अटलांटिक महासागर में गिरा।2002-अर्जन सिंह भारतीय वायु सेना के पहले 'एयर मार्शल' बने। 2003-चीन के लोकतंत्र समर्थक नेता फेंग जू को देश निकाला दिया गया। 2004-अंतरिक्ष यान ऑपर्च्युनिटी मंग्रल ग्रह पर सफलतापूर्वक उतरा। 2005-महाराष्ट्र के सतारा स्थित एक मंदिर में भगदड़? मचने से 300 से अधिक लोगों की मृत्यु हुई। 2008-पाकिस्तानी सेना ने परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम मध्यम दूरी के प्रक्षेपास्त्र शाहीन-ढ्ढ (हत्फ़4) का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। 2010- इराक की राजधानी बगदाद में तीन मिनी बसों में बम विस्फोट के जरिए होटलों को निशाना बनाया गया। इस घटना में 36 व्यक्ति मारे गए और 71 अन्य घायल हो गए।

डायना पेंटी जल्द करण की धर्मा प्रोडक्शंस के एक प्रोजेक्ट में आएंगी नजर

डायना पेंटी बॉलीवुड की उभरती हुई अभिनेत्री हैं। अपनी सुंदरता और ग्लैमरस लुक के कारण वह चर्चा में बनी रहती हैं। सोशल मीडिया पर भी उनकी अच्छी खासी फैन फॉलोइंग है। अब इस अभिनेत्री के करियर से जुड़ी अहम जानकारी सामने आ रही है। खबरों की मानें तो उन्होंने मशहूर फिल्ममेकर करण जौहर के साथ हाथ मिलाया है। डायना बहुत जल्द करण की धर्मा प्रोडक्शंस के एक प्रोजेक्ट में नजर आएंगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, डायना धर्मा प्रोडक्शंस के आगामी प्रोजेक्ट में अपने अभिनय का दम दिखाएंगी। सूत्र की मानें तो धर्मा प्रोडक्शंस ने एक खास प्रोजेक्ट के लिए डायना को अप्रोच किया है। मेकर्स और डायना के बीच बातचीत का दौर जारी है। रिपोर्ट की मानें तो डायना को हाल ही में मुंबई में धर्मा प्रोडक्शंस के कार्यालय में देखा गया था। इसके बाद कयास लगाए जाने लगे कि वह करण की अगली फिल्म में दिखेंगी।

डायना को धर्मा प्रोडक्शंस के ऑफिस के बाहर स्पॉट किया गया था। इस दौरान वह हमेशा की तरह बेहद ग्लैमरस अंदाज में नजर आईं। इस दौरान उन्होंने प्रशंसकों और मीडिया का भी अभिवादन जताया। हालांकि, फिलहाल आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। वह अपनी आगामी फिल्म सैल्यूट में दुलकर सलमान के साथ मलयालम सिनेमा में डेब्यू करने वाली हैं। दुलकर के साथ स्क्रीन शेयर करना भी डायना के लिए बड़ी उपलब्धि होगी।

कुणाल देशमुख के निर्देशन में बनी फिल्म शिद्दत में भी डायना नजर आई हैं। यह फिल्म हाल ही में रिलीज हुई है। इस फिल्म में उनके साथ मोहिता रैना, राधिका मदान और सन्नी कौशल जैसे सितारे भी नजर आए हैं। डायना ने साल 2012 में फिल्म कॉकटेल के साथ बॉलीवुड में अपना पदार्पण किया था। इस फिल्म से उन्होंने दर्शकों का ध्यान खींचा था। फिल्म में सैफ अली खान और दीपिका पादुकोण जैसे बड़े कलाकारों ने भी अभिनय किया था। डायना ने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की थी। बॉलीवुड से पहले उन्होंने मॉडलिंग की दुनिया में अपना नाम कमाया। वह कई जानी मानी विज्ञापन कंपनियों की ब्रांड अंबेसडर भी रह चुकी हैं।

मैं प्रियंका की जिंदगी के नए चैप्टर को लेकर काफी खुश हूं: मीरा चोपड़ा

देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा बीते दिनों मां बनी हैं और वह जबसे मां बनी हैं तब से उन्हें बधाई देने वालों का ताता लगा हुआ। आपको बता दें कि नन्हे मेहमान के आगमन से निक और प्रियंका के परिवारवाले काफी खुश हैं। मिली जानकारी के तहत प्रियंका के घर बेटी हुई है। वैसे अदाकारा की मां बनने की खबर पर उनकी कजिन मीरा चोपड़ा ने भी हाल ही में प्रतिक्रिया दी है। मीरा ने कहा कि प्रियंका हमेशा से बच्चे चाहती थीं। उन्होंने बातचीत में कहा- प्रियंका हमेशा से बहुत सारे बच्चे चाहती थी। मैं प्रियंका की जिंदगी के नए चैप्टर को लेकर काफी खुश हूं। वो अपनी बेटी की सुपर मॉम बनने वाली हैं। प्रियंका ने अपनी जिंदगी के हर हिस्से में बेहतरीन किया है। मां बनना उनके पावरफुल व्यक्तित्व का एक्सटेंशन है। हम सभी को प्रियंका पर काफी गर्व है।

आपको बता दें कि प्रियंका के बच्चे के जेंडर पर काफी समय से सस्पेंस बना हुआ था लेकिन इसे उनकी कजिन मीरा चोपड़ा ने खत्म कर दिया है। जी दरअसल अपने बयान में मीरा ने कहा कि प्रियंका चोपड़ा की बेटी हुई है। ऐसा होने से यह तो साफ है एक्ट्रेस के घर नन्ही परी ने जन्म लिया है। जो यकीनन ही अपनी मां की तरह बेहद खूबसूरत होगी।

सामने आने वाली खबरों की मानें तो प्रियंका चोपड़ा की बेटी ने 15 जनवरी को जन्म लिया है। जी हाँ और यह प्री-मैच्योर बेबी है जो डिलीवरी डेट से 12 हफ्ते पहले दुनिया में आई है। अब इस समय प्रियंका की बेटी अस्पताल में डॉक्टर्स की निगरानी में है। आपको बता दें कि अभी प्रियंका चोपड़ा को घर पर अपनी बेटी के स्वागत का इंतजार करना होगा क्योंकि हेल्दी नहीं होने तक प्रियंका अपनी बेटी को घर लेकर नहीं जा सकती हैं।

नेहा कक्कड़ पर भी चढ़ा फिल्म पुष्पा का जादू, रेत पर बैठकर किया डांस

मशहूर सिंगर नेहा कक्कड़ का एक वीडियो इस समय तेजी से वायरल हो रहा है। वैसे नेहा ऐसी सिंगर हैं जिन्हे सोशल मीडिया सेंसेशन कहा जाता है और अपनी आवाज से उन्होंने सभी का दिल जीता है। वैसे नेहा एकमात्र ऐसी भारतीय सिंगर हैं, जो सोशल मीडिया पर काफी तगड़ी फैन फॉलोइंग रखती हैं। नेहा के पोस्ट्स को काफी पसंद किया जाता है और उनकी हर एक तस्वीर को फैंस प्यार देते हैं। अब इसी कड़ी में नेहा ने अपना एक और लेटेस्ट वीडियो साझा किया है जो तेजी से वायरल हो रहा है। आप देख सकते हैं इस वीडियो में नेहा का एक अलग ही अंदाज नजर आ रहा है। इस वीडियो में नेहा को पुष्पा फैन के रूप में देखा जा रहा है। जी दरअसल, टॉलीवुड फिल्म पुष्पा ने देशभर में तहलका मचा रखा है और आम लोगों से लेकर सेलेब्स तक हर किसी पर इस फिल्म का जादू सर चढ़कर बोल रहा है।

न्यूज गैलरी

शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया नौ पैसे टूटा

मुंबई। घरेलू शेयर बाजार में गिरावट और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के चलते रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले नौ पैसे की गिरावट के साथ 74.52 पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि इस सप्ताह के अंत में अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक से पहले भारतीय रुपया एक सीमित दायरे में कारोबार कर रहा है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले कमजोर रुख के साथ 74.43 पर खुला, फिर फिसलकर 74.52 पर आ गया, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले पांच पैसे की गिरावट दर्शाता है।

रेमडेसिविर नाम की दवा के बारे में आई चौंकाने वाली जानकारी

नई दिल्ली। कोरोना संकट के दूसरे चरण में जब पूरे देश में हाहाकार मचा था, तब बहुत से लोग रेमडेसिविर इंजेक्शन की शिद्दत से तलाश कर रहे थे। कोरोना की दूसरी लहर के दौरान लोगों के मरने और ऑक्सीजन की कमी के बीच रेमडेसिविर दवा को जीवन रक्षक दवा माना जा रहा था। अब यह जानकारी सामने आई है कि रेमडेसिविर एक प्रायोगिक दवा थी, कोई चमत्कारिक दवा नहीं थी, रेमडेसिविर या प्लाज्मा कोरोना मरीजों पर कोई ख़ास असर नहीं डालती। रेमडेसिविर इंजेक्शन की कीमत पिछले साल जून में 5400 रुपये से घटाकर 3500 रुपये कर दी गई थी। देश में कोरोना संक्रमण के दूसरे चरण में जब कुल एक्टिव केस चार लाख के पार चले गए थे, रेमडेसिविर बनाने वाली कंपनी ने अरबों का कारोबार कर लिया था। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अपने सॉलिडेरिटी ट्रायल के आधार पर यह सुझाव दिया कि, मृत्युदर, वेंटिलेटर, रोगी में सुधार का समय जैसे मामलों में दवा का कोई खास असर नजर नहीं आता है।

गत चैंपियन भारत उलटफेर का शिकार

नई दिल्ली। गत चैंपियन भारत को महिला एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में पूल ए के दूसरे मैच में जापान के हाथों उलटफेर का सामना करना पड़ा। रविवार को यहां खेले गए मुकाबले में भारत को एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता जापान के हाथों 0-2 से हार झेलनी पड़ी। जापान ने नागा यूरी (दूसरे मिनट) और साकी तनाका (42वें मिनट) के गोल से भारतीयों को चौंका दिया। मैच में भारतीय खिलाड़ियों को धीमी शुरुआत करना महंगा पड़ा क्योंकि जापान ने दूसरे मिनट में नागाई यूरी के गोल से बढ़त हासिल कर ली।

आवास फाईनेंसर्स के शेयरों पर लगाएं दांव, हो सकती है तगड़ी कमाई

नई दिल्ली। आवास फाइनेंसर्स एक हाउसिंग फाइनेंस कंपनी है जो कम और मध्य आय वर्ग के लोगों को होम लोन देती है। आवास फाईनेंसर्स वास्तव में देश के कस्बाई और ग्रामीण इलाके के लोगों को होम लोन देकर अपने घर का सपना पूरा करने में मदद करती है। शेयर बाजार में कमजोरी के बाद भी आवास फाइनेंसर्स के शेयर बुलिश सेंटीमेंट दिखा रहे हैं। सोमवार के कारोबार में इनमें 1 फीसदी की तेजी नजर आ रही है।अगर पिछले 1 महीने की बात करें तो आवास फाइनेंसर्स के शेयरों में 15 फीसदी की तेजी दर्ज की गई है।

साल भर में 50 फीसदी रिटर्न

पिछले 1 साल में आवास फाइनेंसर्स ने अपने निवेशकों को 50 फीसदी से अधिक का रिटर्न दिया है। पिछले 1 साल की अवधि में

आवास फाइनेंसर्स के शेयरों ने बाजार की तुलना में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इसके साथ ही हाउसिंग फाइनेंस कारोबार की अन्य कंपनियों की तुलना में भी आवास फाइनेंसर्स के शेयर अच्छा रिटर्न देने में सफल साबित हुए हैं।

सभी संकेतक पॉजिटिव

अगर तकनीकी चार्ट की बात करें तो आवास फाइनेंसर्स के शेयर ब्रेकआउट बनाने की तरफ बढ़ रहे हैं। यह सीमेंट्रिकल ट्रायंगल जैसा पैटर्न बना रहे हैं। इसका मतलब यह है कि अगर आवास फाइनेंसर्स के शेयरों में अधिक वॉल्यूम के साथ कारोबार होता है तो बहुत छोटी अवधि में ही यह शेयर काफी रिटर्न दे सकता है। पिछले कुछ दिनों में आवास फाइनेंसर्स के शेयर बाजार के कारोबार में वॉल्यूम में शानदार वृद्धि हुई है और इससे यह पता लगता है कि आवास फाइनेंसर्स के शेयरों में बाजार की हिस्सेदारी बढ़ रही है। अगर आवास फाइनेंस के आरएसआई की बात करें तो यह 60 के करीब है और शेयरों में आने वाली तेजी की वजह से अब यह बुलिश टेरिटरी में जा सकता है। अगर छोटी और लंबी अवधि के मूविंग एवरेज की बात करें तो आवास फाइनेंसर्स के शेयर उससे ऊपर कारोबार कर रहे हैं।

भारतीय डिजिटल अवसंरचना में 2025 तक 23 अरब डॉलर निवेश की जरूरत

नई दिल्ली। देश में डिजिटल सेवाओं की बढ़ती मांग और ऑनलाइन उपयोग को समर्थन देने के लिए डिजिटल अवसंरचना क्षेत्र में 2025 तक 23 अरब अमेरिकी डॉलर तक के निवेश की जरूरत है।

डिजिटल अवसंरचना प्रदाता संघ (डीआईपीए) के सहयोग से हाल में जारी अर्नेस्ट एंड यंग (ईवाई) की एक संयुक्त रिपोर्ट में कहा गया है कि लोगों को ऑनलाइन जोड़ने के लिए 2025 तक भौतिक डिजिटल अवसंरचना में महत्वपूर्ण निवेश जरूरी है।

ईवाई के लीडर प्रशांत सिंघल ने कहा, ''स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी,

शिक्षा प्रौद्योगिकी, उपभोक्ता प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में भारत अग्रणी है। हमारा ई-कॉमर्स बाजार 200 अरब डॉलर का होगा, और शिक्षा प्रौद्योगिकी बाजार 12 अरब डॉलर का हो जाएगा।''

उन्होंने आगे कहा कि भारत डिजिटल नवाचार कर रहा है और इस क्रांति के लिए डिजिटल अवसंरचना की जरूरत है। टॉवर कंपनियां खुद को डिजिटल अवसंरचना कंपनियों में बदल रही हैं। इसके लिए अगले 3-5 वर्ष में 23 अरब अमेरिकी डॉलर तक के निवेश की आवश्यकता होगी।

आधी हो जाएगी इलेक्ट्रिक वाहनों की कीमत! आईआईटी ने विकसित किया ऑन बोर्ड चार्जर

नई दिल्ली। देश में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की उपलब्धता को आसान बनाने के लिए आईआईटी बीएचयू ने ऑन बोर्ड चार्जर की नई तकनीक विकसित की है। इसकी मदद से सभी दो पहिया व चार पहिया इलेक्ट्रिक वाहनों की कीमत आधी रह जाएगी।

बीएचयू में कार्यरत टीम ने लैब स्तर पर तकनीक का सफल परीक्षण कर लिया है। बस सुधार और व्यवसाय के स्तर पर काम चल रहा है। तकनीक में आईआईटी गुवाहाटी और आईआईटी भुवनेश्वर के विशेषज्ञ भी सहयोग कर रहे हैं। वहीं देश की प्रमुख इलेक्ट्रिक व्हीकल निर्माता कंपनियों ने तकनीक में रुचि दिखाई है।

अभी कंपनियां इलेक्ट्रिक व्हीकल में ऑन बोर्ड चार्जर को शामिल करती हैं। देश में उच्च शक्ति की बोर्ड चार्जिंग

सुविधा की कमी होने से वाहनों को आउटलेट पर ही चार्ज करना पड़ता है। ऐसे में ये वाहन काफी महंगे हो जाते हैं। नई तकनीक से वाहन में अभी भी ऑन बोर्ड चार्जर होगा, लेकिन उसकी चार्जिंग क्षमता कम शक्ति की होगी। ऐसे में इलेक्ट्रिक वाहनों की कीमत 50 फीसदी तक कम हो जाएगी। आईआईटी बीएचयू के मुख्य परियोजना अन्वेषक डॉ. राजीव कुमार सिंह ने कहा कि पेट्रोल के बढ़ते दाम और प्रदूषण स्तर में वृद्धि को देखते हुए इलेक्ट्रिक व्हीकल एक बेहतर विकल्प है।

सेंसेक्स 200 अंक से अधिक गिरा, निफ्टी 17,600 के नीचे

मुंबई। वैश्विक बाजारों में बड़े पैमाने पर नकारात्मक रुख के बीच प्रमुख सूचकांक विप्रो, बजाज फिनसर्व और इंफोसिस में घाटे को देखते हुए, इक्विटी बेंचमार्क सेंसेक्स सोमवार को शुरुआती कारोबार में 200 अंक से अधिक टूट गया। कारोबारियों ने कहा कि इसके अलावा विदेशी फंडों के निरंतर बहिर्वाह ने भी घरेलू शेयर बाजारों पर दबाव डाला। शुरुआती कारोबार में बीएसई गेज 233.53 अंक या 0.40 प्रतिशत की गिरावट के साथ 58,803.65 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह निफ्टी 73.70 अंक या 0.42 फीसदी गिरकर 17,543.45 पर बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में एशियन पेंट्स 2.44 प्रतिशत की गिरावट के साथ शीर्ष स्थान पर रहा, इसके बाद टेक महिंद्रा, विप्रो, बजाज फिनसर्व, इंफोसिस, एचसीएल टेक और बजाज फाइनेंस का स्थान रहा।

अपग्रैड का छोटे शहरों में विस्तार जारी, रायपुर में नया कार्यालय खोला

मुंबई। उच्चतर शिक्षा में एशिया के एडटेक प्रमुख अपग्रेड ने छत्तीसगढ़ के टियर 2 और टियर 3 शहरों के शिक्षार्थियों के बीच बढ़ रही ऑनलाइन कोर्सेस की मांग को देखते हुए रायपुर में अपना नया कार्यालय खोलने की घोषणा की है, जिससे कि अपग्रैड ऑनलाइन शिक्षार्थियों को बड़े पैमाने पर स्वीकृति को बढ़ावा देने के लिए भौतिक रुप से संपर्क में रहे और शिक्षार्थियों को उपयुक्त पाठ्यक्रमों के लिए व्यक्तिगत रुप से सहायता और कैरियर परामर्श प्रदान करना जारी रख सके। इस तरह के विस्तार से देश के अंदर रोजगार निर्माण को महत्वपूर्ण बल मिल सकता है। जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में, नया कार्यालय 5,6 दूसरी मंजिल, उषा प्राइड, विधान सभा रोड, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर 492001 में स्थित है। इस कार्यालय को अपग्रैड के अब्बास साजिद-क्षेत्रीय बिक्री प्रबंधक और शाहनवाज अहमद-राष्ट्रीय प्रमुख के नेतृत्व में एक क्वालिफाइड प्रोफेशनल्स की टीम द्वारा संचालित किया जाएगा।

नेशनल पोकर सीरीज अपने दूसरे एडिशन के साथ लौटी, भारत की खोज 6 मार्च को शुरू होगी

नई दिल्ली। भारत की सबसे मशहूर पोकर सीरीज नेशनल पोकर सीरीज इंडिया (एन.पी.एस) साल 2022 में अपने दूसरे एडिशन के साथ लौट आई है। PokerBaazi.com भारत का सबसे बड़ा पोकर प्लोटफॉर्म है, जो एन.पी.एस का होस्टिंग पार्टनर बना रहेगा। यह सीरीज 6 मार्च से शुरू होनी है और इसके 15 दिनों में 84 टूर्नामेंट्स के लिये 18.5 करोड़ रूपये के प्राइज पूल की घोषणा हुई है।

सभी 84 टूर्नामेंट्स में पोडियम फिनिशर्स को 252 मेडल्स् मिलेंगे और सबसे ज्या दा मेडल टेली वाले तीन फिनिशर्स को तीन एनपीएस पोडियम मेडल्स मिलेंगे। इस साल की नेशनल पोकर सीरीज में भी गोल्डरन रश प्रमुख इवेंट्स में से एक रहेगा। इसके अलावा एनपीएस के पोडियम फिनिशर्स को लास वेगास, यूएसए में विश्व के सबसे बड़े इंटरनेशनल पोकर इवेंट में खेलने का मौका मिलेगा। क्वाडलिफायर टूर्नामेंट्स को सैटेलाइट टूर्नामेंट्स भी कहा जाता है, जो 15 जनवरी, 2022 से शुरू हो चुके हैं और एनपीएस इवेंट्स में खेलने और जीतने का रास्ता दे रहे हैं।

इस घोषणा पर PokerBaazi.com के पेरेंट ग्रुप बाज़ी गेम्सश के फाउंडर और सीईओ नवकिरण सिंह ने कहा, ''हमें एक बार फिर नेशनल पोकर सीरीज को होस्टा करने पर गर्व है। विभिन्न लोगों और क्षेत्रों से रिकॉर्डतोड़ एंट्री के साथ पहले एडिशन को मिली अपार सफलता के बाद हम सभी रोमांचित हैं और एनपीएस के दूसरे एडिशन के लॉन्चट के साथ नये प्लेडयर्स का स्वातगत करने के लिये तैयार हैं। यह सीरीज पोकर को भारत में एक खेल के तौर पर स्थापित करने और हमारे देश के पास पोकर की जो छुपी हुई प्रतिभा है, उससे पर्दा हटाने को समर्पित है। पिछले साल 20 राज्योंप के प्लेईयर्स ने इसमें भाग लिया था और महाराष्ट्र 44 मेडल्स के साथ मेडल टेली में अग्रणी रहा था, जिसके बाद 37 मेडल्स के साथ दिल्ली और 18 मेडल्स के साथ हरियाणा का नंबर था।

विरासत को आगे बढ़ाते हुए, इस साल के एडिशन का थीम होगा जो देशभर से पोकर प्रेमियों को इस खेल का जश्नल मनाने और जीत के लिये लड़ने का निमंत्रण देगा।

यह टूर्नामेंट सीरीज नये और अनुभवी पोकर प्लेयर्स को गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल्स तथा नेशनल पोकर गोल्ड मेडलिस्ट का प्रतिष्ठित टाइटल जीतने का समान मौका देती है। अपने तरह का अनोखा यह डिजिटल गेमिंग अनुभव भारत के ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्र में पैमाने और प्रतिभा के मामले में पोकर के इकोसिस्टकम को बदलना और बेहतर करना चाहता है।

नेशनल पोकर सीरीज का पहला एडिशन जून 2021 में होस्ट हुआ था, जिसके 64 टूर्नामेंट्स के लिये हुई 83,000 से ज्याहदा एंट्रीज ने उसे काफी सफल बनाया था।

निराशा | कोरोना के मामले आने के बाद भारतीय टीम मैच नहीं खेल पाई

भारतीय टीम टूर्नामेंट से बाहर, भारत के सभी मैच रद्द, ईरान के खिलाफ मैच भी अमान्य

मुंबई। एएफसी ने सोमवार को कहा कि महिला एशियाई कप फुटबॉल से भारत के हटने के बाद उसके सभी मैच रद्द कर दिए गए हैं। अब भारत का कोई भी मैच मान्य नहीं होगा। इसके मतलब है कि ईरान के खिलाफ भारत के मैच का नतीजा अब टूर्नामेंट में मान्य नहीं होगा। इस मैच को भी रद्द कर दिया गया है। भारतीय टीम में कोरोना के कई मामले आने के बाद टीम इंडिया चीनी तइपे खिलाफ मैच नहीं खेल पाई थी और अब टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी है।

इस टूर्नामेंट की मेजबानी भारत के पास है, लेकिन भारत की टीम सिर्फ एक मैच खेलकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई है। एशियाई फुटबॉल परिसंघ ने एक बयान जारी कर बताया कि दिशा-निर्देशों के अनुसार ऐसा माना जाता है कि भारत ने टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया है। भारत को ईरान के अलावा आठ बार के चैंपियन चीन और चीनी ताइपे के साथ ग्रुप ए में रखा गया था। अब केवल तीन टीमें चाइना पीआर, चीनी ताइपे और इस्लामिक रिपब्लिक ऑफईरान इस प्रतियोगिता के ग्रुप ए में भाग लेंगी।

भारत के बाहर होने के बाद हर ग्रुप में चौथे स्थान पर रहने वाली टीम के खिलाफ मैच के नतीजे की अहमियत खत्म हो गई है।

लीग मैच खत्म होने के बाद हर ग्रुप में चौथे स्थान पर रहने वाली टीम को मैचों के परिणाम को नहीं गिना जाएगा।

12 खिलाड़ी हुए संक्रमित

एएफसी महिला एशियाई कप 2022 के ग्रुप ए में भारत और चीनी ताइपे के बीच मैच से पहले भारत के 12 खिलाड़ी कोरोना से संक्रमित पाए गए थे। एएफसी प्रतियोगिताओं के लिए लागू विशेष नियमों के अनुच्छेद 4.1 के अनुसार हर टीम को मैच के लिए कम से कम 13 खिलाड़ियों के नाम देने होते हैं और इनमें एक गोलकीपर होना जरूरी है। लेकिन, भारत ने इस टूर्नामेंट के लिए 23 खिलाड़ियों की टीम घोषित की थी और 12 खिलाड़ी कोरोना संक्रमित होने के बाद भारत अपनी टीम नहीं उतार सका।

संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने नल-जल योजना का किया भूमिपूजन

जगदलपुर/नवप्रदेश। जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बालीकोंटा, कोंडावल, एवं कोरपाल में 1 करोड़ 52 लाख 04 हजार रुपए के रेट्रोफिटिंग नल-जल योजनाओं का विधायक व संसदीय सचिव रेखचन्द जैन ने शिलान्यास किया। ग्राम पंचायत बालीकोंटा में 42.56 लाख रुपए की लागत से बनने वाले नल जल योजना के तहत क्लोरीनेशन कक्ष, बाउंड्री वॉल, पाइप लाइन बिछाने का कार्य 918 मीटर जिससे की 295 घरों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। ग्राम पंचायत कोंडावल के ग्राम बालीकोंटा में 59.89 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले नल जल योजना के तहत पावर पंप 1 नग क्लोरिनेशन कक्ष, बाउंड्री वॉल, टंकी निर्माण 40 किलो लीटर पाइप लाइन बिछाने का काम 4110 मीटर जिससे की 158 घरों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। ग्राम पंचायत तुसैल के ग्राम कोरपाल में 49.59 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले नल जल योजना के तहत पावर पंप 3 नग सोलर पंप 1 नग, पाइप लाइन बिछाने का काम 5580 मीटर जिससे की 138 घरों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी।

उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए संसदीय

सचिव जैन ने कहा की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा अनुरूप हर ग्राम पंचायत के हर घर तक शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है।

जल ही जीवन है और शुद्ध पेयजल हर नागरिक का मौलिक अधिकार है। लेकिन पिछले सरकार में शुद्ध पेयजल आपूर्ति केवल शहरी क्षेत्रों में ही होती थी। अब हमारी सरकार में हर घर तक शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मुहिम छेड़ दी गई है और आगामी वर्ष तक हर घर में शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी।

इस मामले में मुख्यमंत्री की स्पष्ट सोच है कि सभी ग्राम पंचायत के हर कोने तक शुद्ध पेयजल आपूर्ति हर हाल में होनी चाहिए तथा हर ग्राम पंचायत में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार होना चाहिए।

इस अवसर पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री हेमु उपाध्याय, ब्लाक अध्यक्ष विरेन्द्र साहनी, सरपंच संघ के संभागीय अध्यक्ष लैखन बघेल, इंटक कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विजय सिंह, सांसद प्रतिनिधि धनुर्जय दास, गौरी मंडल, जलंधर नाग, घनश्याम महापात्र, सरपंच बालीकोंटा फूलमती कश्यप, वरिष्ठ नेता गोपू दुबे, गौरव जोशी, दयालु, पूर्व सरपंच लिमन बघेल, कोरपाल सरपंच लखमू राम नागेश, उप सरपंच सुरेन्द्र त्रिपाठी, पंच कमलवती, सोनामनी, अस्ती समेत जल जीवन मिशन के सहायक अभियंता सहित कांग्रेस के नेता कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

पंचायत भवन का निरीक्षण करने पहुंचे सांसद व जिला पंचायत सदस्य

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत खेढा में नवनिर्मित पंचायत भवन के निरीक्षण को लेकर बिलासपुर लोकसभा सांसद अरुण साव एवं क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य शीलू साहू ग्राम खेढा पहुंचे। जहां ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया। कोविड 19 की तीसरी लहर संक्रमित से लोगों को बचनें तथा सावधानी बरतने, वैक्सीनेशन व बूस्टर डोज लगवाने सांसद

एवं जिला पंचायत सदस्य ने अपील की। इस दौरान ग्रामीणों को मास्क, सेनेटाइजर एवं मोदी जी के फोटो युक्त थैला वितरण किया गया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष पवन पाण्डेय, ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष शंकर सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष दानी राम साहू, जिला मंत्री पिछड़ा वर्ग राज साहू, सरपंच भूपेंद्र पाण्डेय सहित पंच गण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

फास्टरपुर उच्चतर माध्यमिक शाला में मनाई गई विवेकानंद की जयंती

मुंगेली/नवप्रदेश। रासेयो इकाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फास्टरपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतीक पुरुष स्वामी विवेकानन्द की जयंती युवा दिवस युवा महोत्सव जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति के अध्यक्ष संजीत बनर्जी के मुख्य आतिथ्य एवं प्राचार्य एनडी कुर्रे की अध्यक्षता में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानन्द के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर हुआ। युवा महोत्सव में निबंध, रंगोली, भाषण एवं कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि संजीत बनर्जी एवं प्राचार्य के कर कमलों से प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने स्वामी विवेकानन्द के जीवन पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका, युवा शक्ति को अपरिहार्य सत्य बताते हुए इस विद्यालय को खेल सामग्री एवम हर क्षेत्र में सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। संस्था में संचालित ताइक्कांडो के खिलाड़ियों ने ताइक्कांडो का प्रदर्शन किया। विद्यालय के व्यायाम शिक्षक आरबी देवांगन के नेतृत्व में खेल के क्षेत्र में स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को खेल प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन आरबी देवांगन एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अमृत प्रसाद बंजारा ने किया। इस अवसर पर युवा महोत्सव कार्यक्रम को प्राचार्य, एनएसएस स्वयं सेवक एवं अतिथियों द्वारा किया गया।

टीबी उन्मूलन एवं कोविड मरीजों की पहचान के लिए कार्यशाला का आयोजन

कोंडागांव/नवप्रदेश। शनिवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोण्डागांव में टीबी उन्मूलन तथा कोरोना से संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया था। इस कार्यशाला में पीरामल फाउंडेशन(स्वास्थ्य) के

राज्य प्रतिनिधि फैसल रजा खान, जिला प्रतिनिधि सूरज सिंह, इंद्रजीत यादव, जिला क्षय रोग नोडल एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ सूरज सिंह राठौर द्वारा चिकित्सा कर्मियों को टीबी एवं कोविड-19 जैसे संक्रामक बीमारियों से बचाव एवं उनके उन्मूलन से सम्बन्धित जानकारियां प्रदान की गई। इस बैठक में पिरामल स्वास्थ्य के सहयोग से आश्वासन अभियान हेतु कोविड एवं टीबी के संक्रमण की कड़ी तोड़ने हेतु प्रशिक्षण कम्यूनिटी मोबिलाइजर, पैरामेडिकल स्टॉफ को भी प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान पिरामल के राज्य प्रतिनिधि फैजल रजा खान ने टीबी रोग, टीबी रोग के लक्षण, जांच, तथा उपचार के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी साथ ही बताया कि जांच परीक्षण और लक्षण के हिसाब से टीबी रोगी को चिन्हित किया जा सकता है। जिससे टीबी रोगी की पहचान कर उन्हें समुचित उपचार दिलाकर इस गंभीर बीमारी से निजात दिला सके। टीबी एक संवेदनशील बीमारी है।

निधन समाचार

श्रीमती दुईज बाई ठाकुर

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम चमारी के प्रतिष्ठित नागरिक दाऊराम ठाकुर की धर्मपत्नी दुईज बाई ठाकुर उम्र 73 वर्ष का निधन शनिवार को हो गया है। वे नोडल अधिकारी संतोष ठाकुर एवं तामसिंह की माताश्री तथा आशीष प्रताप सिंह, गौरव सिंह की दादी थी। उनका अंतिम संस्कार रविवार को गृहग्राम चमारी में सम्पन्न हुआ। जिसमें समाज के लोग शामिल हुए।

मौखिक नियमों में उलझती धान की खरीदी, किसान परेशान!

मौसम की मार के अलावा अब टोकन नहीं काटने का मौखिक निर्देश जारी

बैकुंठपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए धान उनकी जान की तरह है और सरकार व राजनीतिक दलों के लिए एक बड़ा चुनावी मुद्दा भी। इस लिहाज से धान हमेशा बड़ा मुद्दा बना रहता है। हालांकि अभी राज्य में विधानसभा चुनाव में करीब डेढ़ साल का समय है, लेकिन धान नए सिरे से बड़ा मुद्दा बनता जा रहा है। यह अलग बात है कि हर बार किसान ही खामियाजा भुगतने को मजबूर होता है। हमेशा की तरह इस बार भी सरकार धान खरीदने के बहाने खुद को किसानों का हितैषी साबित करने में लगी हुई है। यह अलग बात है कि किसान खुद को बहुत संतुष्ट नहीं मान पाता मगर छत्तीसगढ़ का किसान कई अन्य राज्यों के किसानों की तरह बहुत मुखर नहीं होता और खुद को यथास्थिति में भी बनाए रख लेता है। राज्य में धान की खरीद एक दिसम्बर से चालू है, लेकिन किसानों को सबसे बड़ी दिक्कत नए-नए नियमों को लेकर हो रही है। खाद्य व विपरण विभाग ने पहले आदेश जारी किया था कि किसान दो से तीन किस्तों में धान बेच सकते हैं। इसके बाद अब कम समय बचने के बाद मौखिक आदेश जारी कर दिया गया कि बड़े व शेष किसान बिना सत्यापन के धान नहीं बेच सकते। वहीं अब सत्यापन के बाद ही जिला पंचायत के सीईओ के मौखिक निर्देश पर अब समिति के कर्मचारी कार्यवाही के डर से टोकन नहीं काट रहे। हाल ही में हफ्ते भर से मौसम की मार के कारण कुछ समितियों में किसानों का टोकन बढ़ने एक ही दिन में तीन से चार हजार क्विंटल की खरीदी होने पर एफआईआर करने का डर दिखाया गया। ऐसे में अब जिले में लक्ष्य अनुसार खरीदी होने को लेकर भी तरह-तरह की चर्चा है।

जवाब देने से बच रहे अफसर

जिले के अधिकारी सीईओ के मौखिक निर्देश के कारण कुछ भी कहने से बचते नजर आ रहे। जबकि जिले में अब भी 311347 क्विंटल धान खरीदी शेष है। जारी किसानों के रकबा अनुसार ऐसे में अब अधिकारी के नए-नए मौखिक निर्देश से अब जिले में धान खरीदी प्रभावित होना स्वभाविक है। यह कहना भी गलत नहीं होगा कि जिसे लेकर अब खरीदी को लेकर सवाल उठना लाजमी है। मौखिक नियम अंतिम समय में किसानों को उलझाने वाले हैं। इससे किसानों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। किसानों के मुताबिक धान खरीदने की मौखिक निर्देश अब अंतिम समय मे अव्यावहारिक है। यह किसानों को हतोत्साहित कर रही है। सरकार किसानों के हितों में काम कर रही वहीं अधिकारियों के दबाव से अब किसानों में अब नाराजगी हो रही है। धान खरीदी की मौखिक नीति अब छोटे और मध्यम किसानों के लिए आफत साबित होगी।

15 दिनों का समय शेष

जिले में 8789 किसानों के पास समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए अब करीब 12 दिनों का समय है। 7 फरवरी तक किसान धान बेच सकेंगे। हालांकि सोमवार को अधिकारियों के निर्देश पर मौसम का हवाला देकर खरीदी बंद कर दी गई। जबकि सोमवार को जिले में 41 केंद्र के माध्यम से 1246 किसानों से 56266 क्विंटल धान खरीदी होनी थी। प्रदेश सरकार ने धान खरीदी के लिए एक सप्ताह का समय बढ़ाया है, लेकिन बिगड़े मौसम और छुट्टियों को देखते हुए यह समय पर्याप्त नजर नहीं आ रहा है। मामले में विपक्ष ने सरकार को घेरते हुए धान खरीदी का समय 15 दिन ओर बढ़ाने की मांग की है।

छुट्टियों से खरीदी होगी प्रभावित

एक सप्ताह समय तो बढ़ा दिया गया है, लेकिन अब अधिकारी के मौखिक निर्देश ने किसानों की समस्या बढ़ा दी हैं वही सत्यापन के अब पटवारी को कहा खोजने जाये जबकि इसके पूर्व सत्यापन के बाद ही पटवारी ने गिरदावरी सुधारा था। वहीं अब पुनः सत्यापन समझ से परे हैं जबकि सोमवार को बारिश के आंशका से खरीदी प्रभावित रही। ऐसे में अब 7 फरवरी तक धान खरीदी की जाएगी। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस की छुट्टी होने से इस महीने केवल चार से पांच दिन धान खरीदी होगी। वहीं फरवरी में भी शनिवार, रविवार की छुट्टी के बाद पांच दिन ही खरीदी हो सकेगी। अफसरों का कहना है कि सरकार के तय समय-सीमा में धान खरीदी पूरा कराने के लिए प्रयास किये जाएंगे, लेकिन किसान परेशान हैं कि इतने कम समय में धान की खरीदी पूरी कैसे हो सकेगी।

तय समय में खरीदी करने करेंगे प्रयास : डीएमओ

डीएमओ बीएस टेकाम ने बताया कि जिले में अब सरकार के निर्देशानुसार 7 फरवरी तक धान खरीदी की जाएगी। मौसम बिगड़ने की स्थिति में खरीदी सोमवार को बंद रही। तय समय में बचे हुए किसानों से जल्द से जल्द खरीदी करने के लिए उपार्जन केंद्रों को निर्देश दिये गए हैं। वहीं सत्यापन का मौखिक निर्देश जिला पंचायत सीईओ द्वारा दिया गया है। इस संबंध में वहीं बेहतर बता सकते हैं। शासन से कोई निर्देश अभी नहीं मिला है।

महिलाओं ने जिपं सदस्य के सामने रखीं समस्याएं

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत जमकोर आश्रित ग्राम उमरिया में महिलाओं ने विभिन्न समस्यों को लेकर गांव में जनचैपाल के रूप में बैठक रखी। जिसमें क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य शीलू साहू शामिल हुई। बिहान महिला समूह की आर बी के कल्याणी मानिकपुरी एवं अन्य महिलाओं के द्वारा शाल श्रीफल व पुष्प गुच्छ देकर जिला पंचायत सदस्य को सम्मानित की। ग्रामीण महिलाओं ने ग्राम पंचायत द्वारा मिलने वाली मूलभूत समस्या जैसे- निराश्रित पेंशन, आवास किस्त राशि में विलंब, नवीन राशन कार्ड सम्बंधी, उज्ज्वला योजना, सोसायटी में राशन गड़बड़ी, शौचालय कार्य में मनमानी, नाली निर्माण, समतली करण, साफ-सफाई, मनरेगा के तहत निजी मरम्मत कार्य सहित अन्य समस्या व परेशानी को रखे। महिला समूह संचालन सहित विभिन्न समस्याओं को मौखिक तथा लिखित रूप में ग्रामीणों ने जन चैपाल के

माध्यम से अपने क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य के समक्ष रखी। समूह की महिलाओं ने नशा मुक्ति अभियान-शराब, गांजा एवं अन्य व्यव्सन के लिए जन जागरूकता लाने चर्चा की। जिला पंचायत सदस्य शीलू साहू ने जनचैपाल के दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच सुमित्रा ध्रुव से संपर्क करने प्रयास की। लेकिन सरपंच कुछ काम से कही गांव चली गई थी। इस दौरान सरपंच पुत्र सहित सोसायटी के विक्रेता अन्य पंचगण उपस्थित रहे। क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य ने ग्रामीण जन चैपाल में व्यथित महिलाओं की समस्या को ध्यान से सुनी।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

पंजाब में 65 सीटों ...

नहीं है, सरकार बदलना ही इस चुनाव का उद्देश्य नहीं है। ये चुनाव आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित करने के लिए और पंजाब को स्थिरता देने के लिए है। पंजाब सुरक्षित रहता है तो देश सुरक्षित रहता है।

फतेहाबाद सीट: परिवार...

करने लगीं और फिर पिता अशोक दीक्षित समेत परिवार के 4 लोगों को उम्रकैद की सजा हुई तो 2016 में वह स्वदेश वापस लौट आईं। फिर उनकी राजनीति में एंट्री हुई और अब सपा से चुनाव लड़ रही हैं।

गिरफ्तार एडीजी जीपी ...

जिसके बाद उसकी गिरफ्तारी हुई है। जीपी सिंह ने इस मामले को फैब्रिकेटेड और पॉलिटिकल विक्टमाइजेशन बताया था। कोर्ट ने पहले दो दिनों की पुलिस रिमांड का आदेश दिया था, लेकिन एसीबी द्वारा पूछताछ में समय लगने की बात कहने पर कोर्ट ने चार दिनों की रिमांड अवधि बढ़ाई थी। इस के बाद 18 जनवरी को उन्हें फिर 14 दिनों की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार किसी आईपीएस को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

दिनदहाड़े गुटखे से ...

तलाश शुरू की। तोरवा थाना प्रभारी सुरेन्द्र स्वर्णकार, सिरगिट्टी थाना प्रभारी फैजुल होदा शाह, मस्तूरी थानेदार प्रकाश कांत के अलावा साईबर सेल प्रभारी प्रदाप आर्या ने अलग-अलग दिशाओं पर पहुंचकर सुराग जुटाना शुरू किया। इधर पुलिस के बढ़ते दबाव से परेशान लुटेरों ने जयराम नगर के पास बोरसी गांव में 407 छोड़ कर फरार हो गए। पर जाने से पहले लुटेरों ने काफी सारा माल 407 में से निकाल कर अपने साथ ले गए है। पुलिस टीमें आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

पंजाब: चुनाव से ...

राजनीति से प्रेरित था और इसे आगामी पंजाब विधानसभा चुनावों के संदर्भ में देखा जाना चाहिए। राज्य पुलिस की अपराध शाखा द्वारा मोहाली पुलिस स्टेशन में दर्ज 49 पन्नों की प्राथमिकी में शिअद नेता के खिलाफ नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम की धारा 25, 27 ए और 29 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

कस्टम मिलिंग को ...

रैक प्वाइंट बंद था और यहां संग्रहित चावल को राजनांदगांव ले जाकर लोड करवाना पड़ता था लेकिन इस वर्ष दुर्ग रेक प्वाइंट भी चालू है लेकिन एफसीआई द्वारा हठधर्मिता का रवैया अपनाया जाना उसे भ्रष्टाचारी और पक्षपाती सिद्ध कर रहा है।

एलएसी पर स्थिति ...

सैन्य क्षमता में वृद्धि करना ही बेहतर होगा। उन्होंने कहा, 'भारत को अपने इस संकल्प के बारे में चीन को राजनयिक और सैन्य स्तर पर संदेश देना चाहिए। साथ ही साथ वर्तमान तनाव को कम करने के लिए भारत को विवाद का निपटारा होने तक परस्पर स्वीकार्य व्यवस्था तक पहुंचने के लिए बीजिंग को प्रोत्साहित करने की कोशिश करनी चाहिए।' उन्होंने कहा, 'अभी स्थिति नाजुक बनी हुई है...और परस्पर विरोधी भी है। यह अजीब है कि जब एलएसी पर तनाव है, चीन और भारत का व्यापार गलवान और कोविड-19 के बावजूद दोनों तरफ से बढ़ रहा है।

न्यायालय नायब तहसीलदार मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ-6/2021-22
ग्राम लछनपुर प.ह.नं. 52

ग्राम लछनपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक परदेशी आ. स्व. समारू निवासी लछनपुर तहसील व जिला मुंगेली द्वारा ग्राम लछनपुर हल्का नं. 52 तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 19, 23/6, 23/8, 72 कुल रकबा 0.409, 0.190, 0.154, 0.016 हे. भूमि को फौती दर्ज हेतु आवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 24/02/222 समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/ आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/1/22 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी।

सील
नायब तहसीलदार
मुंगेली

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, (वि./यां.) संभाग अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक- 207/NIT-10/2021-2022/व.ले.लि. दिनांक 21/01/2022

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 03/02/2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 10/02/2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 11/02/2022 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

समस्त कार्यों हेतु :-

निविदा प्रपत्र का मूल्य- 750.00 रुपए, निविदाकारों की श्रेणी- ई-पंजीयन के अंतर्गत ''द'' से ''अ'' तक तथा कार्य की अवधि 06 माह वर्षा ऋतु सहित निर्धारित है।

एनआईटी क्र. 10 निविदा क्र.	कार्य का नाम/ NoOfCalls (प्रथम आमंत्रण)	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु. में) बैंक साल्वेंसी (रु.में)
1	2	3
T0076	बलरामपुर जिले के अंतर्गत रामानुजगंज जेल में 50-50 बंदी क्षमता वाले 30 बैरक का निर्माण में विद्युतीकरण कार्य (बजट कार्य)	5.24-5000.00-78600.00
T0077	जिला बलरामपुर के शंकरगढ़ में नवीन आईटीआई छात्रावास भवन में विद्युतीकरण कार्य (बजट कार्य)	10.00-7500.00-150000.00
T0078	जिला बलरामपुर विकासखण्ड वाड्रफनगर के बडकागांव में हाईस्कूल भवन में विद्युतीकरण कार्य (बजट कार्य)	7.00-5250.00-105000.00
T0079	जिला बलरामपुर वि.खं. शंकरगढ़ के दुर्गापुर में हाईस्कूल भवन में विद्युतीकरण कार्य (बजट कार्य)	5.81-5000.00-87075.00
T0080	बलरामपुर जिले के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय सनावल में प्राचार्य निवास 1 प्राध्यापक निवास 2 तथा तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग आवास 2 कुल 5 आवासीय भवन में विद्युतीकरण कार्य (बजट कार्य)	4.60-4600.00-69000.00
T0081	बलरामपुर जिले के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय वाड्रफनगर में प्राचार्य निवास 1 प्राध्यापक निवास 2 तथा तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग आवास 2 कुल 5 आवासीय भवन में विद्युतीकरण कार्य (बजट कार्य)	4.60-4600.00-69000.00
T0082	सूरजपुर जिले के अंतर्गत ग्राम नवापारा कला (मेढलीपारा) ब्लाक प्रेमनगर में मिनी/इंडोर स्टेडियम में विद्युतीकरण कार्य (बजट कार्य)	4.50-4500.00-67500.00
T0083	सूरजपुर जिले के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय भैयाथान ब्लाक भैयाथान में मिनी/इंडोर स्टेडियम में विद्युतीकरण कार्य (बजट कार्य)	4.50-4500.00-67500.00
T0084	सूरजपुर जिले के अंतर्गत ग्राम मेण्ड्रा ग्राम पंचायत काटरोली ब्लाक प्रेमनगर में मिनी/इंडोर स्टेडियम में विद्युतीकरण कार्य (बजट कार्य)	4.50-4500.00-67500.00
T0085	बलरामपुर जिले के अंतर्गत पुराना विश्राम गृह परिसर में अतिरिक्त कक्ष में विद्युतीकरण कार्य (सिविल जमा कार्य)	1.78-2000.00-26700.00
T0086	बलरामपुर जिले के अंतर्गत जज बंगला बलरामपुर के आफिस भवन में विद्युतीकरण कार्य (सिविल जमा कार्य)	1.87-2000.00-28050.00

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
जी-67090/3 **लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)**

DAU SHRI VASUDEV CHANDRAKAR KAMDHENU VISHWAVIDYALAYA ANJORA, DURG (C.G.)

E-mail : eecgkv04@gmail.com, Website : www.cgkv.ac.in
Mob. No. 958026963

S.N./EE/F-03(4)/2021-2022/737-738 Date 22/01/2022

"NOTICE INVITING-TENDER"

Percentage rate tender for the following works are invited from Contractors and firms Registered with Chhattisgarh Unified Registration System. The document can be purchased from office of the Executive Engineer, DSVCKV, Anjora, Durg on or before 07/02/2022 up to 05:00 PM hours.

S. N.	Name of work	Tender Amount (Rs.in Lakh)	Earnest Money (Rs. in Lakh)	Cost of Tender form (In Rs.)	Class	Time Allowed	Tender Call
1	Construction of Extension of Examination Hall at college of dairy science & food technology, Raipur	8.54	0.17	Rs. 1000/- In the Form of DD/ Pay order	D & above	03 Months Including rainy season	4th Call
2	Construction of Main Gate at veterinary college Bilaspur	13.40	0.27	Rs. 2000/- In the Form of DD/ Pay order	D & above	03 Months Including rainy season	3rd Call
3	Extension of Poultry Farm at Veterinary college Anjora, Durg	19.01	0.38	Rs. 3000/- In the Form of DD/ Pay order	D & above	03 Months Including rainy season	2nd Call
4	Construction of Poultry Farm and Hatchery Unit at Veterinary Polytechnic Surajpur	18.18	0.37	Rs. 3000/- In the Form of DD/ Pay order	D & above	03 Months Including rainy season	2nd Call

Note :- 1. Amendment in tender if any will only be uploaded on the website of DSVCKV, Anjora, Durg **Website : www.cgkv.ac.in** and shall not be published in any Newpaper or inform by mail to any contractor.
2. Tender form Duly filled can be reach in Office of the Executive Engineer, DSVCKV, Anjora, Durg. Through speed post upto at 17:00 hours, on 14.02.2022.
3 Physical Opening of Tender document at 2:00 PM On 18/02/2022 and Opening of Finacial Bid at 2:00 PM On 25/02/2022.
4. Any other information can be obtained from the office of the Executive Engineer, DSVCKV at Anjora, Durg during the office Hours.

Executive Engineer
S.-31224/2 **DSVCKV, Anjora, Durg**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

रोको टोको अभियान को गति देने टी शर्ट देकर किया वॉलिंटियर्स को प्रोत्साहित

रायगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर भीम सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों का उत्साह वर्धन करते हुए उन्हें रोको टोको अभियान में भूमिका निभाने हेतु प्रोत्साहित किया। यूनिसेफ एवं एनएसएस के संयुक्त तत्वाधान में कोरोना संक्रमण की सुरक्षा को देखते हुए सार्वजनिक स्थल चौक-चौराहों व गार्डन में लोगों को मास्क लगाने प्रथम, द्वितीय वैक्सीनेशन व बूस्टर डोज लगवाने सोशल डिस्टेंस का पालन करने हेतु जागरूकता अभियान के तहत रोको टोको अभियान चलाया जा रहा है जिसकी शुरुआत कलेक्ट्रेट रायगढ़ से 24 जनवरी को किया जाएगा जिसमें रायगढ़ नगर के विभिन्न महाविद्यालयों से सक्रिय एवं उत्साही स्वयंसेवक अलग-अलग क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करने की मुहिम में भाग लेंगे कलेक्ट्रेट रायगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक भोजराम पटेल, यूनिसेफके जिला समन्वयक शशांक शर्मा एवं पीडी कामर्स कॉलेज के कार्यक्रम अधिकारी ताम्रध्वज साय पैकरा, विभिन्न कॉलेजों से 30 वालेन्टीयर्स जिला अध्यक्ष भीम सिंह से मुलाकात कर इस अभियान में उनके मार्गदर्शन की अपेक्षा की गई। अभियान में छात्रों की तुलना में छात्राओं की अधिक भागीदारी पर कलेक्टर भीम सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे एक अच्छा संकेत बताया तथा सामाजिक जागरूकता के लिए

एनएसएस की भूमिका की भी सराहना की। कलेक्टर भीमसिंह द्वारा छात्र-छात्राओं को अभियान के दौरान पहनने हेतु छत्तीसगढ़ शासन एवं यूनिसेफ की ओर से तैयार की गई विशेष श्रोको टोकोश् जागरूकता टी शर्ट प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया तथा 24 जनवरी को 12 बजे कलेक्टर परिसर से एनएसएस स्वयंसेवकों को हरी झंडी दिखाकर रोको अभियान में भूमिका के लिए रवाना करने हेतु अपनी सहमति भी दी गई। कलेक्टर रायगढ़ से मिलने के पुरवा सभी छात्र-छात्राओं को कमला नेहरू उद्यान में अधिकारियों द्वारा अभियान के बारे में विशेष जानकारी के साथ भूमिका निभाने हेतु मार्गदर्शन दिया गया। कलेक्टरेट परिसर में किशोरी मोहन त्रिपाठी महाविद्यालय से खुशबू साहू, अंजलि जायसवाल, अंजली सोनी, नीलम कुम्हार, ईशा सोनवाने, खुशबू गुप्ता, शहनाज बेगम, कॉमर्स कॉलेज से विधि सोनवाने, मसर्रत बानो, आशिया उस्मानी, कुंदन बरेठ, जैद खान, मुकेश सहिस, के.जी.कॉलेज रायगढ़ से नीरज कुमार सहिस, नवीन कुमार दुबे, अजय कुमार देवांगन, नीलू लहरे, अनीता साहू, सरिता सिदार , सुशांत पटनायक , उत्तम मेमोरियल कॉलेज से कुमारी ज्योति चंद्रा, नेहा आमेश्वर, प्रियंका चक्रधारी, ज्ञानेश सिंह सिदार, अंकित तिवारी पंकज पाव की भागीदारी रही।

न्यूज गैलरी

गणतंत्र दिवस के लिए हुआ फाइनल रिहर्सल, अपर कलेक्टर ने ली सलामी

कांकेर/नवप्रदेश। भारत का 73वां गणतंत्र दिवस जिले में गरिमामय ढंग से मनाया जायेगा। मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री अनिला भेड़िया द्वारा शासकीय नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में प्रातः 09 बजे ध्वजारोहण कर सलामी ली जायेगी तथा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का 'जनता के नाम संदेश' का वाचन किया जाएगा, तत्पश्चात कोरोना वारियर्स का सम्मान किया जाएगा। गणंतत्र दिवस समारोह का आज अंतिम रिहर्सल किया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, अपर कलेक्टर एसपी वैद्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जीएन बघेल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमित अग्रवाल, एसडीएम कांकेर डॉ. कल्पना ध्रुव, एसडीओपी चित्रा वर्मा, डीएसपी अमृत कुजूर, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता एसएल मरकाम सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस आज

कांकेर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार कोविड-19 के सुरक्षात्मक उपायों जैसे सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क पहनना इत्यादि के साथ 25 जनवरी को ''राष्ट्रीय मतदाता दिवस'' मनाया जाएगा। इस अवसर पर सभी अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा पूर्वान्ह 11 बजे अपने कार्यालय/कक्ष में ''राष्ट्रीय मतदाता दिवस'' का शपथ लिया जाएगा।

पुलिस जवानों ने स्वच्छता के लिए किया श्रमदान

सूरजपुर/नवप्रदेश। प्रभारी पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल ने जिले के सभी थाना चौकी प्रभारियों को कोरोना संक्रमण से बचाव, कार्य स्थल पर वातावरण को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाए रखने तथा फरियादियों के थाना आने पर उन्हें स्वच्छ अनुभूति मिले जिसके लिए थाना एवं चौकी भवन एवं परिसर की साफ-सफाई करने के निर्देश दिए थे। निर्देश के परिपालन में रविवार को जिले के सभी थाना चौकी एवं पुलिस लाइन में अधिकारी व जवानों ने साफ-सफाई के लिए श्रमदान किया। वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण से बचाव एवं थाना चौकी परिसर में स्वच्छता रहने से मन मस्तिष्क में अच्छा प्रभाव पड़ता है जिसे लेकर रविवार को जिले के सभी थाना, चौकियों तथा पुलिस लाइन परिसर में स्वच्छता के लिए श्रमदान अभियान चलाकर पुलिस कर्मचारियों द्वारा व्यापक रूप से साफ-सफाई का कार्य किया।

संसदीय सचिव चंद्रदेव राय होंगे गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। 26 जनवरी को स्थानीय शासकीय हाई स्कूल मैदान में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस जिला स्तरीय समारोह में संसदीय सचिव चंद्रदेव प्रसाद राय मुख्य अतिथि होंगे। वे 26 जनवरी को सुबह 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। समारोह का आयोजन कोविड-19 प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करते हुए किया जाएगा।

कलेक्टर जितेंद्र शुक्ला द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी का कार्यक्रम तय कर दिया गया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार सुबह 8.59 बजे मुख्य अतिथि का समारोह स्थल आगमन होगा 9 बजे ध्वजारोहण, 9 बजे से 9.03 बजे राष्ट्रगान एवं सलामी,9.03 बजे से मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के जनता के नाम प्रेषित संदेश का मुख्य अतिथि द्वारा वाचन किया जाएगा। 9.20 बजे पुरस्कार वितरण और सुबह 9.30 बजे कार्यक्रम का समापन होगा। जिला प्रशासन द्वारा आमंत्रितों से अनुरोध किया गया है कि वे आमंत्रण पत्र साथ में लाएं और सुबह 8.30 बजे तक अपना नियत स्थान ग्रहण करें।

कोरोना ने पकड़ी रफ्तार, स्कूली छात्र हो रहे लगातार संक्रमित

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में कोरोना की रफ्तार काफी बढ़ गई है। 22 जनवरी को जिले में कोरोना विस्फ ोट लोरमी एवं मुंगेली में हुआ। 181 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। दूसरे दिन रविवार को 47 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इससे जाहिर हो गया है कि लोगों को विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। इसके बावजूद वे बेपरवाह बने हुए हैं। को टीजन किट से 881 सैंपल की जांच हुई। जिसमें 14 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। वहीं ट्र नॉट मशीन से 172 सैंपल की जांच हुई। जिसमें 1 की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। इसके अलावा आरटी- पीसीआर से 299 सैंपलों की जांच की गई। जिसमें 166 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। राहत इस बात की है कि संक्रमण से जिले में इस वर्ष अभी तक एक भी मौत नहीं हुई है। कोरोना की तीसरी लहर के बीच लोग अब भी लापरवाही बरत रहे हैं। बाजार में खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ जुट रही है। शादी का सीजन शुरू होने के साथ ही बसों में भीड़ भाड़ के साथ ही शादी ब्याह में भी लोगों की भारी भीड़ देखी जा रही है। कोरोना को लेकर लापरवाही ऐसी कि बाजार पहुंचे लोग न तो मुंह व नाक को ढंकने के लिए मास्क लगा रहे हैं और न ही सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में कोरोना संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ गया है। प्रशासन की ओर से भी कड़ाई नहीं की जा रही है, इसलिए भी लोग लापरवाह हो गए हैं। कोविड गाइडलाइन का पालन किए जाने को लेकर जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग लगातार लोगों को जागरूक करने सक्रिय है। फिर भी

यह हाल है। कोविड की तीसरी लहर में संक्रमण के खतरे को देखते हुए प्रशासन ने जांच का दायरा बढ़ा दिया है। जिले के सभी सामुदायिक अस्पतालों, जिला अस्पताल व शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में टेस्ट हो रहे हैं। इसके अलावा शहर में मोबाइल टीम भी घूम-घूमकर सार्वजनिक स्थानों पर लोगों का एंटीजन टेस्ट कर रही है। लोरमी ब्लाक के एकलव्य विद्यालय बंधवा में लगातार कोरोना पॉजीटिव की संख्या बढ़ते जा रही है आज भी लगभग 36 केस पॉजीटिव आये है। इसी तरह हायर सेकण्डरी स्कूल बघमार में 22 विद्यार्थी कोरोना पॉजीटिव मिले है। मुंगेली ब्लाक में 76 केस पाजीटिव आये है। पथरिया ब्लाक में 15 लोग पॉजीटिव आये है।

गाइडलाइंस का पालन नहीं

कोरोना की तीसरी लहर के बीच लोग अब भी लापरवाही बरत रहे हैं। बाजार में खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ जुट रही है। शादी का सीजन शुरू होने के साथ ही बसों में भी रेलमपेल की स्थिति है। बस संचालक कोरोना के नियमों का पालन किसी भी तरह से नहीं करा रहे है, उल्टे ज्यादा सवारी मिलने के बावजूद कोरोना के नाम से यात्रियों से मनमाना किराया वसूल रहे।

खतरा पहले से ज्यादा बढ़ा

कोरोना से बचने लोग शासन की गाइडलाइंस का पालन किसी भी तरह नहीं कर रहेहैं। लोग बेखौफघ रों से बाहर बिना मास्क लगाए निकल रहे है। दुकानों, बाजार और सार्वजनिक स्थानों पर सामाजिक दूरी (सोशल डिस्टेंसिंग) का पालन नहीं कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में कोरोना संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ गया है। प्रशासन की ओर से भी कड़ाई नहीं की जा रही है, इसलिए भी लोग लापरवाह हो गए हैं।

स्कूली छात्र भी आ रहे चपेट में

लोरमी ब्लाक के एकलव्य विद्यालय बंधवा में लगातार कोरोना पॉजीटिव की संख्या बढ़ते जा रही है। शनिवार को भी लगभग 36 केस पॉजीटिव आए है। इसी तरह हायर सेकेंडरी स्कूल बघमार में 22 विद्यार्थी कोरोना पॉजीटिव मिले है। मुंगेली ब्लाक में 76 केस पाजीटिव आए हैं। पथरिया ब्लाक में 15 लोग पॉजीटिव आए है।

मुख्यमंत्री ने जिले में 67.57 लाख के विभिन्न विकास कार्यों की दी स्वीकृति

कोंडागांव/नवप्रदेश। सीएम भूपेश बघेल द्वारा मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान के द्वारा कोण्डागांव के 11 ग्रामीणों के लिए आर्थिक सहायता की मांग को 04 दिनों में स्वीकृत किया गया है। ज्ञात हो कि स्थानीय जनप्रतिनिधि कैलाश पोयाम द्वारा 17 जनवरी को ग्रामीणों की मांगों को ध्यान में रखते हुए 11 ग्रामीणों हेतु आर्थिक सहायता के साथ विभिन्न ग्राम पंचायतों में विभिन्न विकास कार्य हेतु ग्रामीणों की मांगों से मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अवगत कराया था।

जिस पर मुख्यमंत्री द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी स्वेच्छा अनुदान द्वारा आर्थिक सहायता की मांगों को 04 दिनों में स्वीकृति प्रदान कर अनुदान हेतु सामान्य प्रशासन विभाग के मुख्य लेखा अधिकारी तथा कुल 67.57 लाख के विभिन्न विकास कार्यों हेतु कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा को पत्र के माध्यम से सामान्य प्रशासन विभाग के संयुक्त सचिव संजय अग्रवाल द्वारा जल्द लोगों को राहत दिलाने को कहा है। स्वेच्छा अनुदान के माध्यम से आर्थिक सहायता के रूप में 9 लोगों को 25-25 हजार रुपयों तथा दो लोगों को 1-1 लाख रुपए प्रदान करने की स्वीकृति प्राप्त हुई है।

इस राशि का भुगतान कलेक्टर के माध्यम से किया जाएगा। इसके अतिरिक्त विकास कार्यों में ग्राम पंचायत माकड़ी में माता मंदिर के सामने 400 मीटर सीसी सड़क, बनिया गांव में ढोडापारा में 300 मीटर सीसी सड़क, राजागांव में मातागुड़ी के निर्माण, निलजी में टिकरापारा के निकट पुलिया निर्माण, मुलमुला में 200 मीटर सीसी सड़क एवं पुलिया, अमरावती में 300 मीटर सीसी सड़क, ओड़ारगांव में पुलिया निर्माण, बिजापुर के आश्रित ग्राम हिरलाभाटा में माता मंदिर मार्ग पर पुलिया निर्माण, करंडी में 250 मीटर सीसी रोड निर्माण एवं सोड़मा में पुलिया निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस पर जनप्रतिनिधि कैलाश पोयाम द्वारा मुख्यमंत्री द्वारा ग्रामीण मांगो को गंभीरता से लेते हुए उनकी त्वरित स्वीकृति पर मुख्यमंत्री का धन्यवाद देते हुए ग्रामीणों की ओर से भी उन्हें धन्यवाद दिया गया।

प्रभारी पुलिस अधीक्षक ने ली थाना-चौकी प्रभारियों की वर्चुअल क्राइम मीटिंग

सूरजपुर/नवप्रदेश। थानों में पंजीबद्ध अपराधों खासकर महिलाओं व बच्चों से संबंधित मामलों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए पंजीबद्ध मामलों की गंभीरता व संवेदनशीलता के आधार पर निराकरण करने एवं पीड़ितों को जल्द न्याय मिले इस हेतु प्रकरण की सही तरीके से विवेचना पूर्ण कर चालान न्यायालय में पेश हो, लंबित शिकायत, मर्ग जांच का निराकरण जल्द हो इसी उद्धेश्य से प्रभारी पुलिस अधीक्षक सूरजपुर राजेश अग्रवाल ने शनिवार को वर्चुअल माध्यम से जिले के सभी पुलिस राजपत्रित अधिकारी व थाना-चौकी प्रभारियों की क्राइम मीटिंग ली। उन्होंने थाना-चौकी प्रभारियों से उनके यहां लंबित महिलाओं व बच्चों से संबंधित अपराधों, शिकायत, गुम इंसान तथा मर्ग के लंबित रहने के बारे में विस्तृत

जानकारी ली और उन्हें जल्द निराकरण करने, टीम वर्क से काम करने एवं कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए नागरिकों को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीड़ित व्यक्ति को न्याय दिलाने की दिशा में उचित कार्यवाही करें, समस्या लेकर फ रियादी के थाना-चौकी आने पर उसे घुमाए नहीं बल्कि उसके समस्या को गंभीरता पूर्वक सुने और त्वरित कार्यवाही करने व कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए सभी को बूस्टर डोज लगवाने के निर्देश दिए। वर्ष 2021 में थाना-चौकी में पंजीबद्ध कुल अपराध सहित अन्य जानकारियों का डाटा पूछे जाने पर चौकी प्रभारी लटोरी सुनील सिंह ने वर्ष 2021 के पंजीबद्ध सभी अपराधों का शत प्रतिशत निकाल किया जाना बताया जिस पर प्रभारी पुलिस अधीक्षक ने चौकी प्रभारी को 500 रूपये नगद पुरस्कार देने की घोषणा की। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर, एएसपी पीएस महिलाने, डीएसपी सुश्री नंदनी पैंकरा, कार्यालय अधीक्षक संतोष वर्मा, स्थापना प्रभारी अखिलेश सिंह मौजूद रहे तथा सीएसपी जे.पी.भारतेन्दु, एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी, एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी सहित सभी थाना-चौकी प्रभारी इस वर्चुअल मीटिंग से जुड़े रहे।

वरिष्ठता सूची में त्रुटि सुधार की मांग, सौंपा ज्ञापन

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा पदोन्नाति के लिए सहायक शिक्षक एलबी संवर्ग का एक अप्रैल 2021 के स्थिति में जारी संभाग स्तरीय वरिष्ठता सूची में त्रुटि के सुधार करने लिए प्रांताध्यक्ष केदार जैन के नेतृत्व में जिला शिक्षाधिकारी आरपी मीरे को ज्ञापन सौंपा। संविदा शिक्षकों के पदनाम को शिक्षाकर्मी वर्ग तीन के पदनाम पर एक मई 2005 को परिवर्तित किया गया है। इसी तिथि के आधार पर संविदा शिक्षक से शिक्षाकर्मी वर्ग तीन (सहायक शिक्षक एलबी) बने शिक्षक साथियों की प्रथम नियुक्ति माना गया है और उक्त तिथि के आधार पर पूर्व में पदोन्नाति का लाभ भी

दिया गया हैं। वर्तमान में जारी वरिष्ठता सूची में विकासखंड चारामा में संविदा शिक्षक से शिक्षाकर्मी वर्ग तीन बने प्रथम नियुक्ति तिथि 13 जून 2005 को आधार मानते हुए वरिष्ठता सूची जारी किया गया है। जबकि कांकेर जिले के अन्य विकासखंडों और दूसरे जिलों में शासन के आदेशानुसार प्रथम नियुक्ति तिथि एक मई 2005 को आधार पर मानते हुए वरिष्ठता सूची जारी किया गया है। विकासखंड चारामा में 13 जून 2005 को प्रथम नियुक्ति तिथि अंकित करने के कारण ब्लाक के सहायक शिक्षक वरिष्ठता सूची में अपने ही साथियों से पीछे हो गए हैं, जो की गलत हैं। वरिष्ठता सूची में कई सहायक शिक्षकों के नाम, उपनाम, नियुक्ति तिथि, जन्मतिथि, विषय आधारित योग्यता में त्रुटियां थी। सहायक शिक्षक साथी जिन्होंने दावा अपत्ति भी किया था, लेकिन अंतिम वरिष्ठता सूची में उनके दावा आपत्ति का किसी भी तरह से निराकरण नहीं किया गया है। जिला शिक्षाधिकारी ने सभी त्रुटियों को तत्काल सुधार करवाने की बातें प्रतिनिधि मंडल को कहें है। ज्ञापन सौंपने वालों में संघ के प्रांताध्यक्ष केदार जैन, ब्लाक अध्यक्ष चारामा मनोज सिन्हा, भेश्वर सिंह पोया, सुग्रीव सिन्हा, राजेंद्र मंडावी, छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन के जिलाध्यक्ष उत्तम सिन्हा और ब्लाक अध्यक्ष घनाराम नागराज उपस्थित थे।

कोदवाबानी पंचायत उप चुनाव में किरण जायसवाल ने दर्ज की जीत

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत कोदवाबानी पंचायत उपचुनाव में वर्तमान कार्यवाही सरपंच हीरेंद्र जायसवाल की पत्नी किरण जायसवाल ने सरपंच पद पर 41 वोट से जीत दर्ज की। विजयी प्रत्याशी ने ग्रामवासियों एवं कांग्रेस नेताओं को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त कर गांव के विकास करने की बात कही। नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों ने जिला पंचायत प्रतिनिधियों के समक्ष कांग्रेस में शामिल हुए। ग्राम पंचायत कोदवाबानी में पूर्व सरपंच को अविश्वास से हटाने के पश्चात 20 जनवरी को उपचुनाव कराया गया। उपचुनाव में सरपंच पद हेतु 5 प्रत्याशी किरण जायसवाल, लता बाई राजपूत, नीतू बाई जांगड़े, संगीता बाई जायसवाल, संगीता राजपूत अभ्यर्थी थे। मतगणना पश्चात वर्तमान कार्यवाहक सरपंच हीरेंद्र जायसवाल की पत्नी किरण जायसवाल ने सरपंच पद पर 41 वोट से विजय हासिल की। पंचायत उपचुनाव में लोरमी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शत्रुहन सोनू चंद्राकर एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजीत बनर्जी, जिला पंचायत के सभापति वसी उल्लाह खान, पूर्व जिला पंचायत के सभापति उर्मिला रमेश यादव, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष मंजीत रात्रे के मार्गदर्शन विजयी प्रत्याशी हीरेंद्र रवि जायसवाल ने कांग्रेस पार्टी में अपने कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए।

मंच गौरव सम्मान समारोह संपन्न

वरिष्ठ साथियों का किया गया सम्मान

सूरजपुर/नवप्रदेश। अखिल मारवाड़ी युवा मंच के 38वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में स्थापना सप्ताह के तहत राष्ट्र द्वारा आयोजित अपनों का सम्मान अपनों द्वारा कार्यक्रम के अंतर्गत शाखा अध्यक्ष सुमित मित्तल के निवास पर एक समारोह का आयोजन कर सूरजपुर शाखा के प्रथम संस्थापक अध्यक्ष संजय अग्रवाल, छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष व राष्ट्रीय पदाधिकारी सुनील अग्रवाल, प्रदेश के पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष मुकेश गर्ग व पूर्व राष्ट्रीय संयोजक अंशुल गोयल को मंच गौरव सम्मान पत्र व शाल, श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया। शाखा के वरिष्ठ साथियों ने आशीर्वाद एवं स्नेह वर्षा करते हुए अपना उद्बोधन दिया। पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष सुनील अग्रवाल व मुकेश गर्ग ने संस्था के संचालन के अपने अनुभव बांटे। वहीं संस्थापक अध्यक्ष अग्रवाल ने बताया कि 1991 में अस्तित्व में आई शाखा ने 31 वर्ष पूर्ण कर लिए है।इन 31 सालो में से संजय अग्रवाल, विनय अग्रवाल, संजय गोयल, उमेश अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, प्रवेश गोयल, मुकेश गर्ग, सुनील अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, निशांत बंसल, ताराचंद अग्रवाल व

सुमित मित्तल ने शहर में अध्यक्ष के रूप में अपनी टीम के साथ जनसेवी कार्यो को गति दी है। शाखा के द्वारा एम्बुलेंस सेवा, आक्सीजन सिलेंडर सेवा, अमृत धारा प्याऊ, मेडिकल कैम्प, कावरिया शिविर, भंडारा, लाइफ लाइन शिविर में जलपान, कोरोना काल मे राशन व भोजन, मास्क वितरण, कार स्वच्छ बिन वितरण व स्वच्छ भारत अभिया, कन्या भ्रूण संरक्षण अभियान, रक्तदान शिविर, अंगदान/देहदान, गौसेवा, निर्धन कन्या विवाह सहित अनेक कार्यक्रम संचालित किए तथा आज भी अनवरत जारी है। कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष व प्रांतीय उपाध्यक्ष सुमित मित्तल, सचिव विपुल बंसल, विकास जैन, मुकुल मित्तल, संस्कार अग्रवाल, अरुण अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, यश अग्रवाल सहित शाखा के सदस्य उपस्थित थे।

क्रिकेट प्रतियोगिता में पहुंची जिला पंचायत सदस्य इंद्रा लहरें

जैजैपुर/नवप्रदेश। जैजैपुर विधानसभा कें अर्तंगत आने वाला ग्राम पंचायत बरदुली में टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का फाईनल में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य इंद्रा राजेश लहरें पहुंच कर टांस गिराकर फाईनल मैच का शुभारंभ किया। फाइनल मैच बरदुली बनाम नदेंली के बीच खेला गया जिसमें नंदेली को प्रथम एवं बरदुली द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता फाईनल अवसर पर मुख्य अतिथि इंद्रा लहरें संबोधन करते हुए कहा कि क्रिकेट अनिश्चितता भरा खेल है जीत उसी की होती है जो अंतिम समय तक टीम के लिए लड़ते है। स्वास्थ्य शरीर और दिमाग को विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। इस मौके पर जगेश्वर चंद्रा सरपंच, सनत यादव, राकेश, रोशन लहरें, राहुल एंव खिलाड़ी गण उपस्थित थे।

कलेक्टर ने कृषि विभाग की ली ऑनलाइन समीक्षा बैठक

वर्मी कम्पोस्ट का विक्रय बढ़ाने के दिए निर्देश

रायगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर भीम सिंह ने कृषि विभाग की मासिक समीक्षा बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ली। बैठक में उन्होंने वर्मी कम्पोस्ट निर्माण और उसकी बिक्री की विकासखंड वार समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी एसएडीओ को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि अपने विकासखंड के अंतर्गत गौठानों में तैयार कम्पोस्ट का शत प्रतिशत विक्रय सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिले में बड़े पैमाने पर रबी फसलों की खेती होती है। ऐसे में खाद की डिमांड भी रहती है। इसको देखते हुए उन्होंने समितियों में पर्याप्त खाद का भंडारण करवाने के निर्देश उप पंजीयक सहकारिता को दिए। इसके साथ ही जिले में यूरिया की आपूर्ति की भी जानकारी उन्होंने जिला विपणन अधिकारी से ली तथा उन्हें मांग अनुसार पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध करवाने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने बैठक में जिले में धान के बदले अन्य फसल उत्पादन के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने जिले में रागी के रकबे के विस्तार के लिए विशेष रूप से प्रयास करने के निर्देश कृषि विभाग के अधिकारियों को दिए। इसके लिए उन्होंने किसानों को प्रोत्साहित करने और उन्हें तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। पशुपालन विभाग के कामकाज की समीक्षा भी उन्होंने बैठक के दौरान की। धरमजयगढ़ विकासखण्ड के खलबोरा में विभाग द्वारा लगाया जा रहे गोट मिल्क प्रोसेसिंग यूनिट के प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने यूनिट के लिए मशीन खरीदी करने तथा उसे चलाने की ट्रेनिंग हितग्राहियों को देने के निर्देश उप संचालक पशु पालन को दिए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग तथा मत्स्य पालन विभाग के कामकाज की भी समीक्षा की।

आश्वासन की रेवड़ियों तक सिमटी विधायक वोरा की राजनीति

कागजी नेता बनकर रह गए वोरा का कांग्रेस को तलाशना होगा विकल्प



नरेश सोनी

दुर्ग/नवप्रदेश। काम किसी का करना नहीं और मना किसी को करना नहीं। दुर्ग के विधायक व दर्जा प्राप्त केबिनेट मंत्री अरूण वोरा का यही एकमात्र सूत्र-वाक्य है। 30 साल के अपने राजनीतिक जीवन में अरूण वोरा ने सिर्फ यही किया है। विधायक या छाया विधायक रहते उन्होंने सिर्फ श्रेय लेने की राजनीति की और अपनी नाकामियों को अफसरों के सिर फोड़कर जनता की सहानुभूति बटोरने में लगे रहे। आज दुर्ग शहर अपनी सबसे बड़ी दुरावस्था को भोग रहा है और अरूण वोरा सत्ता में रहने के बाद भी अफसरों को कोस रहे हैं। दुर्ग शहर के लिए इससे बड़ी विडंबना और क्या हो सकती है कि यहां का विधायक जनता की सेवा करने की बजाए अपनी राजनीति चमकाने में जुटा है। दरअसल, विधायक वोरा कागजी नेता बनकर रह गए हैं। अब वक्त है कि पार्टी दुर्ग के लिए नया विकल्प तलाशे। विधायक अरूण वोरा से मुट्ठी में समा जाने वाला दुर्ग शहर तो संभल नहीं रहा है और वे प्रदेशभर में घूम-घूमकर स्वयं को प्रादेशिक नेता साबित करने में जुटे है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उन्हें वरिष्ठता के आधार पर भंडार गृह निगम का अध्यक्ष बनाकर केबिनेट मंत्री का दर्जा दिया, लेकिन वे न तो निर्वाचित विधायक के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन कर पा रहे हैं, न ही निगम अध्यक्ष के रूप में ही कोई सकारात्मक काम कर रहे हैं। उनका पूरा राजनीतिक कामकाज समझाइश, दिशा-निर्देश और आश्वासनों पर केन्द्रित होकर रह गया है। वोरा के काम करने का तरीका भी यही है। जब कोई पीड़ित व्यक्ति अपना काम लेकर उनके पास पहुंचता है तो काम करवाने की बजाए वे संबंधित अफसर को इंगित कर दो पंक्तियां लिख देते हैं। इस बात से पूरी तरह बेपरवाह कि पीड़ित व्यक्ति का काम होगा भी या नहीं। वास्तविकता यह भी है कि विधायक वोरा को कोई भी गम्भीरता से नहीं लेता है। अफसर उनकी अनुशंसाओं को रद्दी की टोकरी में डाल देते हैं तो आम आदमी भी यह भलीभांति समझने लगा है कि विधायक के पास काम लेकर जाने का कोई औचित्य नहीं है। विधायक वोरा अपना काम न होते देख उस बच्चे की तरह व्यवहार करते हैं, जो थप्पड़ खाने के बाद शिकायत करता घूमता है।

शहर के लिए विधायक का योगदान शून्य

पिछले लगातार 6 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी रहे अरूण वोरा 3 बार विधायक निर्वाचित हुए, किन्तु शहर के प्रति विधायक या छाया विधायक रहते उनका योगदान लगभग नगण्य रहा है। मजे की बात है कि वे स्वयं अब यह कह रहे हैं कि भाजपा के 15 साल के शासन में दुर्ग में कुछ नहीं हुआ। कम से कम उन्हें यह तो बताना ही चाहिए कि कांग्रेसी सत्ता आने के बाद पिछले 3 साल में उन्होंने खुद क्या किया? प्रदेश में भाजपा की सरकार थी तो वे सहजता और सरलता के साथ सरकार को कटघरे में खड़ा करते थे और शहर की अव्यवस्थाओं के लिए भाजपा और उसकी सरकार को जिम्मेदार ठहराते थे, किन्तु अब जबकि प्रदेश में उनकी पार्टी की ही सरकार है और स्वयं वे केबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त है तो काम नहीं करवा पाने की खीझ अफसरों पर उतार रहे हैं। यह शहर का दुर्भाग्य ही है कि जाने-अनजाने कांग्रेस पार्टी ऐसे व्यक्ति को जनता का प्रतिनिधित्व करने का दायित्व सौंपती रही है। दरअसल, विधायक वोरा को लगता है कि रोजाना शहर के कुछेक इलाकों में तफरीह कर आना ही निर्वाचित जनप्रतिनिधि का काम होता है। आम जनता को चेहरा दिखाकर स्वयं को सक्रिय नेता बताने की सोच तब बेमायने हो जाती है जब करने को हजार काम हो, क्तिु आप कुछ कर न पाएं।

अपने पैजामे के छेद कौन देखेगा

स्थानीय भाजपा नेताओं ने सड़क चौड़ीकरण में भेदभाव का आरोप लगाकर हस्ताक्षर अभियान प्रारम्भ किया तो विधायक वोरा और उनके कई समर्थकों के बयान आ गए। वोरा ने कहा कि भाजपा ने 15 साल के शासन के दौरान कोई काम नहीं करवाया। महापौर धीरज बाकलीवाल और शहर कांग्रेस के अध्यक्ष गया पटेल भी सक्रिय हो गए। उन्होंने भी कहा कि भाजपा राज में शहर का विकास नहीं हुआ और दुर्ग शहर को ग्रामीण परिवेश का शहर बना दिया गया। विधायक वोरा और उनके इन समर्थक नेताओं से पूछा जा सकता है कि उनके राज में दुर्ग शहर को कितना चमकाया गया? विधायक वोरा सत्ता में हैं तो उन्होंने शहर के विकास के लिए क्या और कितने तीर मारे और दुर्ग शहर का महापौर निर्वाचित होने के बाद धीरज बाकलीवाल ने ग्रामीण परिवेश को शहरी परिवेश में लाने के लिए क्या कर डाला? इन नेताओं को यह बात समझनी होगी कि जब अपने पैजामे में छेद हों तो दूसरों की हँसी नहीं उड़ानी चाहिए।

कांग्रेस को लगाना होगा नए चेहरे पर दांव

शहर के मतदाताओं को अब यह समझ आ गया है कि बड़बोलेपन का विकास से कोई लेना-देना नहीं है। मतदाता यह भी समझने लगे हैं कि राजनीति जब एक परिवार की बपौती बनकर रह जाती है तो क्षेत्र विकास की दौड़ में पीछे छूटता चला जाता है। वोरा परिवार की राजनीति आम जनमानस की निगाहों में ढलान की ओर बढ़ रही है। ऐसे में जरूरी है कि पार्टी यहां नए और बेहतर विकल्पों पर विचार करे। शहर को युवा व ऊर्जावान नेतृत्व की दरकार है जो दमदारी से क्षेत्र के विकास का नेतृत्व कर पाए। वैसे भी, विगत 50 वर्षों से दुर्ग शहर कांग्रेस नए नेतृत्व को तरस रही है। शहर में युवा और बेहतर नेतृत्व देने वालों की कोई कमी नहीं है। भूपेश बघेल की अगुवाई में प्रदेश में कांग्रेस बढ़िया काम कर रही है, किन्तु दुर्ग शहर को उसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।

लद्दाख के युटी कांगरी की चोटी पर गाड़ा पुलिस का झंडा

एसपी ने महिला आरक्षक को किया सम्मानित

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम में पदस्थ महिला आरक्षक अंकिता गुप्ता ने छत्तीसगढ़ सहित पुरे देश का मान बढ़ाया है। महिला आरक्षक अंकिता गुप्ता ने लेह लद्दाख के युटी कांगरी की 6080 मीटर की ऊंची चढ़ाई चढ़कर चोटी पर कबीरधाम पुलिस का झंडा गाड़ा है।

कबीरधाम पुलिस के नक्सल सेल में पदस्थ महिला आरक्षक अंकिता गुप्ता ने कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे तथा उप. पुलिस अधीक्षक नक्सल अजीत ओगरे के दिशा निर्देश पर बूस्ट एंड कैम्प्रोन कंपनी के माध्यम से लेह लद्दाख में आयोजित विंटर चैलेंज कंपटीशन में हिस्सा लिया। ये प्रतियोगिता 11 जनवरी से 19 जनवरी 2022 तक लद्दाख में आयोजित किया गया था।

इस दौरान युटी कांगरी लेह की बर्फ से ढके चोटियों पर 6080 मीटर यानी 19914 फीट की ऊंची चोटी की चढ़ाई का लक्ष्य रखा गया था, जिसमें पूरे भारत के 9 अलग-अलग राज्यों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमे 2 प्रतिभागियों ने इस ने इस लक्ष्य को पूरा किया। चोटी पर चढ़ाई करने वालों में कबीरधाम पुलिस की महिला आरक्षक अंकिता गुप्ता है। जिन्होंने 17 जनवरी 2022 को चढ़ाई प्रारंभ किया था, और 18 जनवरी को रात 10:18 बजे निर्धारित लक्ष्य तक पहुंच कर कबीरधाम पुलिस का झंडा लगाकर कबीरधाम पुलिस एवं कबीरधाम जिले का नाम रोशन किया है।

चढ़ाई के दौरान तापमान -39 डिग्री तक पहुंच गया था। बर्फसे ढके चट्टान चढ़ाई के दौरान सरक रहे थे जिससे कई चोटें भी अंकिता को लगी, जिसके बावजूद अंकिता के बुलंद हौसले और कबीरधाम पुलिस कप्तान डॉ. लाल उमेद सिंह एवं वन मंडल अधिकारी दिलराज प्रभाकर के बढ़ाए गए हौसले का मान बनाए रखते हुए चढ़ाई को

पूरा कर एक नई मिसाल जिले के सामने प्रस्तुत किया है।

गौरतलब है कि कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के द्वारा जिले के युवाओं को रोजगार एवं शिक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए लगातार सामुदायिक पुलिसिंग के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। जिसमे शहरी एवं वनांचल ग्रामवासी छात्र/छात्राओं तथा युवा अभ्यर्थियों को पुलिस भर्ती, आर्मी भर्ती, बी.एस.एफ, आई.टी.बी.पी. एवं अन्य थल सेना भर्ती रैली की निशुल्क तैयारी पुलिस फोर्स अकैडमी कबीरधाम के माध्यम से कराया जा रहा है। साथ ही खिलाड़ी छात्र/छात्राओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ा कर जिले का नाम रोशन करने तैयारी की जा रही है।

कवर्धा पुलिस अधीक्षक ने महिला आरक्षक अंकिता गुप्ता को सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सम्मानित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे, उप पुलिस अधीक्षक नक्सल अजीत ओगरे, उप पुलिस अधीक्षक नक्सल संजय धुर्वे एवं कार्यालयीन अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहकर महिला आरक्षक अंकिता गुप्ता को बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

ट्रक ने एक ही परिवार के तीन को रौंदा, मौके पर ही मौत

जांजगीर/नवप्रदेश। जिले के पामगढ़ ब्लॉक में एक ट्रक (कैप्सूल वाहन) ने बाइक सवार तीन लोगों को रौंद दिया, जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में एक युवक, महिला और एक बच्चा शामिल है। तीनों मृतक एक ही परिवार के हैं। घटना के बाद वाहन चालक एक साइकिल को रौंदते हुए बिलासपुर की ओर भागा। इसके बाद थोड़ा आगे जाकर पकरिया के पास ट्रक को छोड़कर चालक फरार हो गया। घटना शिवरीनारायण थाना अंतर्गत नगर पंचायत राहौद के पास हुई है।

शिवरीनारायण के रिंगनी निवासी ओम बेसवर भैना (25) अपनी मां गिर्दी भैना (48) और बेटा रामेश्वर भैना (8) के साथ होंडा साइन क्रमांक सीजी 10 एनए 6125 में सवार होकर पामगढ़ की ओर जा रहे थे। वे राहौद-धरदेई के मध्य पेट्रोल पंप के पास पहुंचे थे कि पीछे से आ रहे ट्रक ने उन्हें रौंद दिया, जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक वाहन लेकर भागने लगा, जिससे कुछ अन्य लोग भी चपेट में आने वाले थे। लोगों ने इधर-उधर कूदकर अपनी जान बचाई।

आक्रोशित लोगों ने किया चक्काजाम

एक साइकिल सवार ट्रक की चपेट में आ गया, उसकी जान तो बच गई, लेकिन साइकिल ट्रक के अंदर फंस गया। बहुत दूर तक घिसटता हुआ चला गया। ट्रक को अकलतरा ब्लॉक के पकरिया के पास बरामद किया गया है। चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया है। दुर्घटना में मृतकों का शव पूरी तरह क्षत विक्षित हो चुका है। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया। सड़क पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लगी हुई है। फिलहाल मौके पर शिवरीनाराण व पामगढ़ पुलिस थाने का बल मौजूद है।

आज सीएम भूपेश दंतेवाड़ा और जगदलपुर जिले के दौरे पर रहेंगे

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज दंतेवाड़ा और जगदलपुर जिले के प्रवास पर रहेंगे, जहां वे विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। निर्धारित दौरा

कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री सुबह 10 बजे पुलिस ग्राउंड रायपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर 11 बजे दंतेवाड़ा जिले के ग्राम छिंदनार (बारसूर) पहुंचेंगे और वहां छिंदनार ब्रिज सहित विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण और भूमिपूजन में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री बघेल छिंदनार से प्रस्थान कर दोपहर 12.50 बजे जगदलपुर जिले के बालीकोंटा पहुंचेंगे और वहां अमृत मिशन योजना के अंतर्गत निर्मित सिवरेज प्लांट का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद दोपहर 2.10 बजे धरमपुरा क्रीड़ा परिसर में विभिन्न विकास कार्यो का अवलोकन करेंगे। मुख्यमंत्री शाम 5.15 बजे बस्तर चेम्बर ऑफकामर्स के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। इसके पश्चात वे शाम 6.10 बजे दलपत सागर जाएंगे और वहां नवीनीकृत समुंद चौक का लोकार्पण और विभिन्न विकास कार्यो के लोकार्पण और भूमिपूजन कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से शामिल होंगे।

धान की चोरी व शार्टेज दिखाकर बड़ी हेराफेरी पकड़ी गई, 20 दिन बाद भी कार्रवाई शून्य

गरियाबंद/नवप्रदेश। पिछले माह 27 दिसम्बर को बिन्द्रानवागढ़ धान उपार्जन केंद्र खम्हारीपारा में 127 कट्टा पुराना धान खपाने कोशिश पर ग्रामवासियों ने पानी फेर दिया था। इतना ही नहीं, उपार्जन केंद्र के आसपास के घरों में रखा गया इसी उपार्जन केंद्र का पिछले वर्ष का 731 कट्टा धान की सूचना भी अधिकारियों को ग्रामीणों द्वारा दे दी गई थी। मौके पर पहुंचे नोडल अधिकारी डीपीओ जगरानी एक्का, उप पंजीयक एएन सिंह, मंडी सुपरवाइजर के अतिरिक्त खरीदी केंद्र प्रभारी तरुण कश्यप द्वारा 122 कट्टा धान की जब्ती बनाई गई थी। वहीं आसपास के घरों में रखे 731 कट्टा धान को जिन पर समिति का पिछले वर्ष का सील लगा हुआ था, पंचनामा बनाकर ग्रामवासियों की सुपुर्दगी में दे दिया गया था। साफ जाहिर है कि एक बड़े षडयंत्र के तहत शासन को लाखों रुपए का चूना लगाने की पूरी प्लानिंग थी जिसे ग्रामवासियों ने नाकाम कर दिया, किन्तु इस पूरे खेल को अब तक अंजाम तक नहीं पहुंचाया जा सका है। इस मामले में आगे की कार्यवाही 20 दिनों बाद भी अधूरी है। अधिकारी सम्भवतः लीपापोती की तैयारी में है। हो सकता है कि वक्त जाया कर, जांच के नाम पर शासन के अन्य घोटालों की तरह इस हेराफेरी को भी रफा दफा कर दिया जाए।

सेल्समैन का कारनामा

खम्हारीपारा ग्रामीणों का आरोप है कि इस पूरे खेल के पीछे समिति के ही सेल्समैन चुन्नुराम यादव पिता भीखराम का हाथ है। चुन्नुराम पिछले वर्ष इसी उपार्जन केंद्र में खरीदी प्रभारी था जिसके द्वारा वर्ष 2020-21 की धान खरीदी में शार्टेज बताकर बड़ी मात्रा में धान आसपास के घरों में रखवा दिया गया और मौका देखकर इस सीजन उसे खपाने की कोशिश की जा रही थी। दिसम्बर महीने की 27 तारीख को 122 कट्टा धान केंद्र में खपाने लाया गया जिस पर ग्रामवासियों ने आशंका व्यक्त की और मामला खुल गया।

दो ट्रक धान की चोरी, मामला दबाया गया

ग्रामीणो का आरोप है कि इससे पूर्व भी इस समिति में दो ट्रक धान की चोरी बताकर घोटाला किया गया है। उक्त घोटाले की जांच में ट्रक की बजाय ऑटो का नंबर दर्शाया गया और कोई कार्यवाही नहीं की गई।नाराज ग्रामवासियों द्वारा कलेक्टर व एसपी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर चुन्नुराम यादव पिता भीखराम तथा सहकारी समिति बिन्द्रानवागढ़ धान उपार्जन केंद्र खम्हारी पारा के समस्त सदस्यों एवं कर्मचारियों पर कानूनी कार्यवाही की मांग की गई है।